.वर्ष 13, अंक 309
गैरसैंण
गुरूवार
24 मार्च 2023
पृष्ठ 8

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित    डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2020-23   फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8445596074, 7060517714, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com    मूल्य-2 रुपये

# मोदी सरनेम विवाद: राहुल गांधी दोषी करार

## दो साल की सजा के बाद तुरंत बेल मिली, कांग्रेस बोली– ऊपरी अदालत जाएंगे



**सूरत , एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से 2019 में मोदी सरनेम को लेकर की गई टिप्पणी के मामले में आज सूरत की अदालत ने फैसला सुना दिया। कोर्ट ने राहुल गांधी को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने उन्हें दो साल की जेल की सजा सुनाई। हालांकि, मामले में उन्हें तुरंत ही जमानत भी मिल गई।

सजा का एलान होने के बाद राहुल गांधी ने ट्विटर पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, "मेरा धर्म सत्य और अहिंसा पर आधारित है। सत्य मेरा भगवान है, अहिंसा उसे पाने का साधन।"

कांग्रेस ने कहा कि राहुल गांधी गुजरात की अदालत के फैसले के खिलाफ अपील दायर करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा सहित पार्टी के कई नेताओं ने इस मामले में नाराजगी जाहिर की। सूरत की अदालत के फैसले पर अपनी पहली प्रतिक्रिया देते हुए राहुल गांधी ने सत्य और अहिंसा के बारे में हिंदी में एक ट्वीट में महात्मा गांधी को उद्धृत किया।

खड़गे ने ट्वीट किया, "कायर, तानाशाही भाजपा सरकार राहुल गांधी और विपक्ष से नाराज है क्योंकि हम उनके कुकृत्यों को उजागर कर रहे हैं और जेपीसी की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'अपने राजनीतिक दिवालियापन के तहत मोदी सरकार पुलिस, ईडी भेजती है और राजनीतिक भाषणों पर मामले लगाती है। हम ऊपरी अदालत में अपील करेंगे।

दूसरी तरफ राहुल गांधी के खिलाफ इस मामले में मानहानि का केस दायर करने वाले पूर्णेश मोदी ने बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि हम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं।

उन्होंने कहा कि यह न्यायिक प्रक्रिया है और यह एक अहम फैसला है।

दरअसल, राहुल पर मोदी उपनाम पर टिप्पणी करने के लिए आपराधिक मानहानि का मामला दर्ज था। गुजरात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश ठाकोर, पार्टी विधायक दल के नेता अमित चावड़ा, अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के गुजरात प्रभारी रघु शर्मा और विधायक सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आने के बाद से ही सूरत में मौजूद हैं।

2019 लोकसभा चुनाव के लिए कर्नाटक के कोलार में एक रैली में राहुल गांधी ने कहा था, कैसे सभी चोरों का उपनाम मोदी है? इसी को लेकर भाजपा विधायक व गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया था। उनका आरोप था कि राहुल ने अपनी इस टिप्पणी से समूचे मोदी समुदाय का मान घटाया है। वायनाड से लोकसभा सदस्य राहुल ने 2019 के आम चुनाव से पहले कर्नाटक के कोलार में आयोजित जनसभा में इस मामले से जुड़ी टिप्पणी की थी।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एचएच वर्मा की अदालत ने पिछले शुक्रवार को दोनों पक्षों की अंतिम दलीलें सुनने के बाद फैसला सुनाने के लिए 23 मार्च की तारीख तय की। राहुल इस मामले की सुनवाई के दौरान तीन बार अदालत में पेश हुए। अक्तूबर 2021 में बयान दर्ज कराने के लिए अदालत पहुंचे राहुल ने खुद को निदोष बताया था।

## क्या न्यायपालिका को भी अपनी जेब में रखना चाहती है कांग्रेस ?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सूरत की एक अदालत ने गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मानहानि के मामले दो साल की सजा सुनाई। हालांकि, अदालत ने उन्हें तुरंत ही जमानत भी दे दी। राहुल पर 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान एक रैली में मोदी सरनेम पर विवादित टिप्पणी करने का आरोप लगा था। इस मामल में गुजरात के भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने उनके खिलाफ मुकदमा दायर किया था। वहीं, अदालत के फैसले के बाद भाजपा की ओर से भी प्रतिक्रिया सामने आई है।

भाजपा सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा, राहुल गांधी को सूरत की एक अदालत ने मानहानि के मामले में दो साल की सजा दी है। कांग्रेस पार्टी बहुत कुछ कह रही है, लेकिन यह नहीं बता रही है कि राहुल गांधी ने क्या कहा था? राहुल गांधी ने कर्नाटक में 2019 की चुनावी रैली में कहा था..सारे चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है? उन्होंने कहा, अगर राहुल गांधी को अपनी जिद्द से लोगों को अपमानित करने का और अपशब्द कहने का अधिकार है तो उनके अपशब्दों से पीड़ित लोगों को मानहानि का केस करने का अधिकार है। उन्होंने आगे कहा, राहुल गांधी ने कहा कि मैं सत्य और अहिंसा में विश्वास रखता हूं। क्या सत्य और अहिंसा में भरोसा करना लोगों को अपमानित करना है? देश को जातिसूचक अपशब्द कहना है?

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, भारत के कानून में यह है कि यदि किसी व्यक्ति या संगठन को अपमानजनक बयानों, निंदनीय टिप्पणियों, अपशब्दों या किसी भी अपमानजनक टिप्पणी से बदनाम किया गया है, तो उसे पता मांगने का अधिकार है। लेकिन, कांग्रेस पार्टी को इससे आपत्ति है, वह राहुल गांधी को अपशब्द कहने की पूरी आजादी चाहती है।

उन्होंने आगे कहा, खरगे ने कहा कि अदालत के फैसले को बार–बार बदला गया है। कांग्रेस पार्टी न्यायपालिका में भरोसा नहीं करती है। क्या ये न्यायपालिका को भी अपनी जेब में रखना चाहती है? राफेल मामले में भी राहुल गांधी ने अदालत के फैसले पर सवाल उठाया था और फिर माफी मांगी थी। आलोचना का हम सम्मान करते हैं, लेकिन राहुल गांधी आलोचना नहीं करते हैं, राहुल गांधी देश को बदनाम करते हैं, जनतंत्र को बदनाम करते हैं और देश की जनता को बदनाम करते हैं।

## लिनचोली से धाम तक जमी तीन फीट से ज्यादा बर्फ

**रुद्रप्रयाग ।** मौसम में सुधार होते ही गौरीकुंड–केदारनाथ पैदल मार्ग पर लिनचोली से केदारनाथ तक बर्फ सफाई का काम फिर से शुरू हो गया है। यहां पैदल मार्ग पर तीन फीट से अधिक बर्फ है जिसे साफ करने में काफी दिक्कतें हो रही हैं। बुधवार को सुबह से मजदूरों ने लिनचोली से बेस कैंप तक बर्फ साफ करने का काम शुरू किया।

डीडीएम (जिला आपदा प्रबंधन) के अधिशासी अभियंता प्रवीण कर्णवाल ने बताया कि लिनचोली से केदारनाथ तक तीन फीट तक नई बर्फ जमी है। पैदल मार्ग पर जहां पूर्व में बर्फ हटाई गई थी वहां पुनः बर्फ जम गई है। उन्होंने बताया कि हिमखंड जोन यात्रा के दौरान इन स्थानों पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए बैरीकेडिंग की जा सकती है, जिससे पहाड़ी क्षेत्रों से पत्थर आदि सीधे रास्ते में न गिरे। उन्होंने बताया कि मौसम ठीक रहा तो बृहस्पतिवार से केदारनाथ हेलीपैड सहित अन्य स्थानों से बर्फ हटाई जाएगी। जल संस्थान के ईई संजय सिंह ने बताया कि मौसम में सुधार होते ही पैदल मार्ग पर पेयजल लाइन के काम को पुनः शुरू कर दिया गया है।

इस बार चारधाम यात्रा की शुरुआत 22 अप्रैल से होगी। देश–दुनिया से आने वाले तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए सरकार तैयारियों में जुटी है। सरकार को उम्मीद है कि चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या एक नया रिकॉर्ड बनाएगी।

# सरकार के एक साल पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री ने की 16 घोषणाएं

## कक्षा 6 से ही कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी की शिक्षा होगी लागू, मुख्यमंत्री ने किया ''एक साल नई मिसाल'' विकास पुस्तिका का विमोचन किया

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** राज्य सरकार के एक साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर प्रदेशभर में सरकार की एक साल की उपलब्धियों पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को रेंजर्स ग्राउण्ड में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित विकास पुस्तिका ''एक साल नई मिसाल'' का विमोचन किया। इस अवसर पर ग्राम तरला नागल सहस्त्रधारा मार्ग में 12.45 हेक्टेयर में बनने वाले लगभग 37 करोड़ रूपये की लागत के सिटी फोरेस्ट का शिलान्यास भी मुख्यमंत्री ने किया। सरकार के एक साल पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशहित में की 16 महत्वपूर्ण घोषणाएं। उत्तराखण्ड के लोकपर्वों उत्तरायणी, फूलदेई, हरेला, ईगास, बूढ़ीदिवाली आदि लोकपर्वों को व्यापक पहचान दिलाए जाने एवं पूर्ण श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने के लिए समेकित नीति बनाई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने की प्रदेश हित में 16 घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य में मुख्यमन्त्री प्रतियोगी परीक्षार्थी परिवहन योजना शुरू की जायेगी। इस योजना के तहत परीक्षाओं में भाग लेने वाले परीक्षार्थियों को आने-जाने के लिए परिवहन निगम की बसों में किराये में 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। कक्षा 6 से ही कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी की शिक्षा को लागू किया जायेगा। राज्य के सभी 13 जनपदों में लैब ऑन व्हील्स ''चलती–फिरती प्रयोगशाला स्थापित की जायेगी। उत्तराखण्ड राज्य साइंस टेक्नोलॉजी और इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जायेगा। साथ ही राज्य सरकार इस क्षेत्र में शीघ्र ही ''साइंस और टेक्नोलॉजी इनोवेशन पॉलिसी'' लायेगी। हल्द्वानी गौलापार में स्थापित अन्तरराष्ट्रीय स्टेडियम को उच्चीकृत कर अन्तरराष्ट्रीय मानकों का खेल विश्वविद्यालय स्थापित किया जायेगा। राज्य में काश्तकारों को सहयोग देने के लिए मुख्यमंत्री औद्यानिकीकरण योजना प्रारम्भ की जायेगी। राज्य में पशुपालकों को सहयोग देने के मुख्यमंत्री राज्य पशुधन मिशन प्रारम्भ किया जाएगा। राज्य में मुख्यमंत्री कौशल विकास एवं रोजगार योजना प्रारम्भ की जायेगी। जिसमें स्नातक पास छात्र एवं छात्राओं को आवश्यक रूप से दक्ष बनाया जायेगा। राज्य के ऐसे गाँव जिनकी आबादी 250 से अधिक है, उनको मुख्य सड़कों से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना प्रारम्भ की जाएगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में उपलब्धता एवं उपयुक्तता के आधार पर 1-1 अमृत सरोवर/झील को पर्यटक स्थल एवं वाटर स्पोर्टस के केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा। जिला सेवायोजन एवं कौशल विकास कार्यालय को स्वरोजगार केन्द्र के नोडल कार्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। श्रमिकों के बच्चों को भी उचित स्कूली शिक्षा मिल सके इस हेतु राज्य सरकार मोबाईल स्कूल (चलते-फिरते स्कूल) प्रारम्भ किये जायेंगे। राज्य सरकार द्वारा दिवालीखाल से गैरसैंण तक के सड़क मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य किया जायेगा। लोकतंत्र सेनानी की मृत्यु होने पर उनकी पेंशन विधवा पत्नी को दी जाएगी। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, विधायक खजान दास, विनोद चमोली, उमेश शर्मा काऊ श्रीमती सविता कपूर, बृज भूषण गैरोला, सहदेव सिंह पुंडीर, मेयर देहरादून सुनील उनियाल गामा, मेयर ऋषिकेश श्रीमती अनीता मंमगाई, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु चौहान, मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव शैलेष बगोली, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी, जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ अधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### एक साल में जनहित में लिए गये अनेक महत्वपूर्ण निर्णय

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा मसूरी में 'सशक्त उत्तराखण्ड@25 थीम' पर आयोजित व्यापक चिंतन और विचार–विमर्श द्वारा क्षेत्रवार राज्य के विकास का ना केवल खाका तैयार किया गया बल्कि इस पर तेजी से काम ड्डी शुरू किया जा चुका है। अंत्योदय परिवारों को तीन गैस सिलेंडर देने हों, प्रदेश की महिलाओं के लिए क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था को लागू करना हो, समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करने की कार्यवाही हो, जबरन धर्मांतरण पर रोक के लिये कानून बनाना हो, नई शिक्षा नीति लागू करना हो, नई खेल नीति लागू करना हो, सख्त नकल विरोधी कानून हो, राज्य आंदोलनकारियों व उनके आश्रितों को सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण देना हो सरकार ने राज्य के लिए आवश्यक इन कार्यों को इतने कम समय में कर के दिखाया है। राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून बनाया गया है। उत्तराखंड में पहली बार परीक्षाओं में धांधली करने वाले 80 से ज्यादा लोगों को जेल में डाला है।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।



सहस्त्रधारा मार्ग स्थित तरला नागल में बनने वाले सिटी पार्क शिलान्यास करते हएु सीएम ।

### सहस्त्रधारा मार्ग स्थित तरला नागल में बनने वाले सिटी पार्क का किया शिलान्यास

### उत्कृष्ट उत्तराखण्ड बनाना राज्य सरकार का लक्ष्य

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज का दिन कई अर्थों में विशेष है। आज के दिन देवड्डमि की जनता द्वारा अपनी आशाओं-आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए चुनी गई सरकार का एक वर्ष पूर्ण हुआ है। आज हमारा उत्तराखंड ''उत्कृष्ट उत्तराखंड'' बनने की राह पर अग्रसर है। उत्तराखंड की राजनीति में यह पहला अवसर था जब जनता–जनार्दन ने किसी एक दल को दोबारा सेवा का अवसर प्रदान किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब ड्डी वे जनहित में कोई फैसला लेते हैं, तो सबसे पहले समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों के चेहरों को ध्यान में रखते हैं, इससे निर्णय लेने में आसानी होती है। लोगों का विश्वास ही हमारी प्रेरणा है, उनके इस विश्वास को हमें और अधिक मजबूत करना है।

# पूर्णागिरी मेला हादसा: काल बनी बेकाबू बस, एक पल में लील ली पांच जिंदगियां



**टनकपुर (चंपावत)।** पूर्णागिरि मेले में बेकाबू बस ने श्रद्धालुओं को रौंद दिया। हादसे में दो सगी बहनों समेत पांच श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि दो मासूमों समेत आठ श्रद्धालु घायल हो गए। मृतकों में तीन महिलाएं और दो पुरुष थे। तीन लोगों की घटना स्थल पर, जबकि चौथे की इलाज के दौरान अस्पताल में और पांचवें श्रद्धालु की हायर सेंटर ले जाते वक्त रास्ते में मौत हुई।ठुलीगाड़ बस स्टैंड के ढलान से नीचे उतर रही बस ब्रेक नहीं लगने की वजह से मौत बनकर काल बन गई और पलक झपकते ही पांच श्रद्धालुओं की जान ले ली। माना जा रहा है कि चालक ने बस स्टार्ट करने के बाद ब्रेक का प्रेशर नहीं लिया होगा, जिस कारण ब्रेक नहीं लगने से बस बेकाबू होकर श्रद्धालुओं के जत्थे को रौंदते हुए आगे बढ़ गई।

हादसा होते ही घटना स्थल पर चीखपुकार और अफरातफरी मच गई। हादसे की वजह बस चालक की लापरवाही मानी जा रही है जो हादसा होते ही मौके से फरार हो गया। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मृतकों के परिजनों को एक–एक लाख, घायलों को 50–50 हजार देने की घोषणा की है।डीएम नरेंद्र सिंह भंडारी ने कहा कि हादसे की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए गए हैं। दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीओ अविनाश वर्मा ने बताया कि आरोपी बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।हादसे में सोहरवा थाना रामगांव बहराइच निवासी बद्री नारायण (43) पुत्र राम लखन, माया राम (29) पुत्र बब्बू, पिनडोल बिल्सी बदायूं निवासी अमरावती (30) पत्नी महराम सिंह और उसकी छोटी बहन नेत्रावती (20) पत्नी वीर सिंह की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सोहरवा थाना रामगांव बहराइच निवासी घायल रामदेई (30) पत्नी तोता राम ने हायर सेंटर ले जाते वक्त रास्ते में दम तोड़ा।

### टनकपुर में हुई सड़क दुर्घटना पर सीएम ने की शोक संवेदना व्यक्त

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को चंपावत जिले के टनकपुर स्थित ठुलीगाड़ में हुई बस दुर्घटना में हुई श्रद्धालुओं की मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। इस दुःखद घटना के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने दिवंगतों की आत्मा की शांति तथा उनके परिवारजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। साथ ही उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्घटना में मृत लोगों के परिवार एवं घायलों को सरकार द्वारा हर संभव मदद दी जायेगी। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री के निर्देश पर कैबिनेट मंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने तत्काल टनकपुर उप जिला चिकित्सालय पहुंचकर टनकपुर स्थित ठूलीगाड़ सड़क हादसे में घायल श्रद्धालुओं का हालचाल जाना और दुर्घटना में मृत लोगों के परिजनों के साथ दुःख संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से शोकाकुल परिवार को दुःख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

# नेशनल रैंकिंग में छाया उत्तराखंड, दूसरे स्थान पर बनाई जगह

**देहरादून ।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) प्रदर्शन सूचकांक की राष्ट्रीय रैंकिंग में उत्तराखंड दूसरे स्थान पर रहा है। ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने इस पर खुशी जताते हुए कहा कि राज्य को मिले 47654 आवासों में से 27923 आवासों का निर्माण कार्य पूरा करवाकर उन्हें लाभार्थियों को दे दिया गया है। ग्राम्य विकास मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत ऑल इंडिया परफॉरमेंस इण्डेक्स के आधार पर नेशनल रैंकिंग का प्रावधान किया गया है। योजना क्रियान्वयन में ओवर ऑल परफॉरमेंस के अनुसार राज्यों की रैंकिंग का निर्धारण किया जाता है।

उत्तराखंड इसमें दूसरे स्थान पर है। मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार से मिले 18 हजार आवासों के आवंटन की प्रक्रिया पूरी होने जा रही है। अब तक उत्तराखंड को मिले 47654 आवासों में से 27923 आवासों का निर्माण कार्य पूरा करवाकर उन्हें लाभार्थियों को दे दिया गया है।

# लापरवाह निगम: शहर से गायब हुए कूड़ेदान, सड़कों पर जल रहा कूड़ा

## कुछ वर्ष पूर्व नगर निगम की ओर से सड़क किनारे लगाए गए थे कूड़ेदान, सड़क किनारे लगे कूड़ेदान गायब होने से जगह-जगह फैली रहती है गंदगी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के दावे करने वाला नगर निगम स्वयं की जिम्मेदारियों को लेकर कितना लापरवाह है, इसका उदाहरण कोटद्वार शहर की सड़कों पर देखने को मिल रहा है। जहां सड़कों के किनारे कूड़ेदान नहीं होने से जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। कई व्यक्ति कूड़े के ढेर को सड़क किनारे ही जला रहे हैं। ऐसे में चारों ओर धुएं का गुब्बार छाया रहता है।

चार वर्ष पूर्व नगर निगम की ओर से क्षेत्र में पचास से अधिक कूड़ेदान रखे गए थे। प्रत्येक चौराहे के साथ ही वार्डों के प्रवेश द्वार पर एक-एक कूड़ेदान लगाया गया था। लेकिन, वर्तमान में यह कूड़ेदान पूरी तरह गायब हो चुके हैं। नतीजा, अधिकांश व्यक्ति घरों व प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कूड़े को सड़क किनारे फेंक देते हैं। सबसे बुरी स्थिति मालगोदाम रोड, नजीबाबाद रोड, देवी रोड क्षेत्र में बनी हुई है। सड़क किनारे पड़े कूड़े के कारण आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दुर्गंध के कारण व्यापारियों का दुकानों में बैठना भी मुश्किल हो गया है। तेज हवा चलने पर यह कूड़ा जगह-जगह बिखर जाता है। यही नहीं कई व्यक्ति कूड़े के ढेर पर आग लगाकर उसे नष्ट कर देते हैं, जिससे पूरे दिन आसपास में धुंआ छाया रहता है। कूड़ा जलने से उठने वाली दुर्गंध के कारण आसपास के परिवारों का सांस लेना भी मुश्किल हो जाता है।

### समय पर नहीं उठाता कूड़ा

निगम क्षेत्र में सुबह दस बजे से पहले कूड़े के ढेर नहीं उठाए जाते। कई स्थानों पर कूड़ा दो-दो दिन तक सड़क किनारे पड़ा रहता है। ऐसे में आसपास के परिवारों को संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है। कई बार कूड़ा उठने के बाद कई व्यक्ति दोबारा उसी स्थान पर कूड़ा डाल देते हैं। देवी रोड निवासी मयंक प्रसाद ने बताया कि यदि नगर निगम कूड़ेदान लगाता है तो इससे सड़क पर कूड़े की समस्या का निराकरण हो जाएगा।



कोटद्वार में सड़क किनारे जलाया जा रहा कूड़ा

## लैंसडौन आर्मी पब्लिक स्कूल का किया निरीक्षण

**कोटद्वार** : निदेशक आर्मी वेलफेयर एजुकेशन सोसाइटी, सेंट्रल कमांड, लखनऊ कर्नल सेनि. एम.ए. सिद्दीकी ने मंगलवार को आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडौन का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त ने उनको पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यालय की अवस्थिति, संरचना, व्यवस्थाओं एवं भविष्य की योजनाओं के विषय में विस्तार से बताया। मौके पर एमए सिद्दीकी ने विद्यालय के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को मैडल तथा प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उसके पश्चात उन्होंने विद्यालय की आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान व जीव विज्ञान प्रयोगशाला सहित अटल टिंकरिंग लैब, कंप्यूटर लैब, कक्षाकक्षों , पुस्तकालय तथा विद्यालय परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया और विद्यालय की आधारभूत संरचना की सराहना की। कहा कि विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ विगत तीन वर्षों से बोर्ड परीक्षाओं में भी उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्रदान कर रहा है, जिसके लिए विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाएं बधाई के पात्र हैं।

## चार वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम के लिए 30 मार्च तक करें आवेदन

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि में सत्र 2023-24 से शिक्षा विभाग में स्नातक पाठ्यक्रम के अंतर्गत चार वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसके लिए इंटरमीडिएट उत्तीर्ण/सम्मिलित छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले छात्रों को एनटीए द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा सीयूईटी में सम्मिलित होना अनिवार्य है। आवेदन के लिए एनटीए की वेबसाइट पर 30 मार्च रात्रि नौ बजे तक पंजीकरण कर सकते हैं। विवि के कुलसचिव प्रो. एनएस पंवार की ओर से इस संदर्भ में जारी आदेश में कहा गया है कि प्रवेश परीक्षा 21 मई से 31 मई तक आयोजित की जाएगी। अधिक जानकारी विवि की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा जो अभ्यर्थी पूर्व में आवेदन पत्र भर चुके हैं वे भी यदि इस पाठ्यक्रम के इच्छुक हैं तो अपने आवेदन पत्र में इसे अपडेट कर सकते हैं। (एजेन्सी)

# छात्रवृत्ति में आ रही बाधाओं को दूर करने की मांग

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने उपजिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय महाविद्यालय में बीएड स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम में अध्ययनरत एससी, एसटी व आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों की छात्रवृत्ति में बाधा पहुंचने पर अभाविप पदाधिकारियों ने रोष व्यक्त किया है।

इस संबध में परिषद के जिला संगठन मंत्री मृदुल भट्ट के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि पाठ्यक्रम के उक्त छात्र-छात्राओं के छात्रवृत्ति आवेदन पत्रों को समाज कल्याण विभाग द्वारा निरस्त कर दिया गया है, जिसका कारण विवि से प्राप्त संबद्धता पत्र का संलग्न न होना बताया जा रहा है। पाठ्यक्रम में अध्ययनरत अधिकांश छात्र-छात्राएं निम्न आर्थिकी वाले परिवारों से हैं। पिछले वर्ष भी कोविड-19 महामारी के कारण प्रवेश देरी से हुए तो एनएसपी पोर्टल के बंद होने के कारण छात्र छात्रवृत्ति से वंचित रह गये थे। छात्रवृत्ति कई छात्र-छात्राओं के शुल्क अदा करने का माध्यम है, लेकिन दोनों महाविद्यालयों की आपसी खींचतान के कारण छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से छात्रों की इस समस्या का अविलंब समाधान करने की मांग की गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में आयुष त्रिपाठी, प्रतीक बलूनी, विकास कुमार, आराध्य आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार तहसील में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते अभाविप कार्यकर्ता ।

## वाहनों पर जीपीएस सिस्टम की बाध्यता समाप्त की जाए

**पौड़ी** : पर्वतीय टैक्सी-मैक्सी महासंघ ने पहाड़ों में पुराने वाहनों पर जीपीएम सिस्टम की बाध्यता समाप्त करने की मांग की है। महासंघ की ओर से इस संबंध में प्रदेश के परिवहन मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया है। महासंघ के अध्यक्ष कोतवाल सिंह नेगी ने कहा कि पहाड़ों में युवाओं के पास रोजगार का एकमात्र और प्रमुख साधन टैक्सी व्यवसाय है। जिससे युवाओं का परिवार भी चलता है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से टैक्सियों पर कई बार नये नये नियम थोपकर उन्हें बेवजह परेशान किया जाता है। ऐसे में टैक्सी-मैक्सी व्यवसाय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि नये वाहनों में जीपीएस सिस्टम इनबिल्ड है। लेकिन पुराने वाहनों में इससे लगाये जाने की कई परेशानियां सामने आ रही हैं। महासंघ के अध्यक्ष कोतवाल सिंह ने परिवहन मंत्री से पुराने वाहनों में जीपीएस सिस्टम की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग की है। इस मौके पर महासंघ के मुख्य सलाहार डा. मदन मोहन नवानी, उपाध्यक्ष राजेंद्र डिमरी आदि मौजूद रहे।

# स्वरोजगार से जुड़कर आगे बढ़े युवा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय महाविद्यालय रिखणीखाल में आयोजित एनएपीएस कार्यशाला में विद्यार्थियों को स्वरोजगार से जुड़कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने देश की बेहतर तरक्की में अपना योगदान देने का भी संकल्प लिया।

य प्रशिक्षु संवर्धन योजना (एनएपीएस) के तहत रिखणीखाल महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डा. मनोज उप्रेती ने किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य तक कर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए।

मेहनत करने वाले व्यक्ति को एक दिन अवश्य मंजिल मिलती है। नोडल अधिकारी मीना ने विद्यार्थियों को स्वरोजगार से जुड़ने के तरीके बताए। कहा कि स्वरोजगार शुरू कर हम स्वयं की आर्थिकी को मजबूत करने के साथ ही क्षेत्र के बेहतर विकास में अपना योगदान दे सकते हैं।

इस मौके पर मोहन राकेश तिवारी, प्रमोद नैथानी, अनूप रावत, कृष्णानंद नैथानी, डा. विपिन पंवार, प्रशांत, डा. भारती, लक्ष्मी जोशी, डा. विपिन कुमार तिवारी, डा. सुनील चौहान, डा. मीरा रावत आदि मौजूद रहे।

## मुख्य सचिव ने ली डाटा लेक के सम्बन्ध में बैठक

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने गुरुवार को सचिवालय में डाटा लेक के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि डाटा लेक के अंतर्गत पीएम गतिशक्ति, अपणी सरकार और ई–ऑफिस को मजबूत किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि विभागों को समीक्षाएं पोर्टल के माध्यम से शुरू की जाएं।

मुख्य सचिव ने सभी विभागों को अपना डाटा शीघ्र अपडेट करने के निर्देश देते हुए कहा कि 01 अप्रैल से विभागों की टीएसी और ईएफसी पोर्टल के माध्यम से की जायेंगी। उन्होंने इस सम्बन्ध में आज ही शासनादेश जारी किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डीपीआर बनाने हेतु सॉफ्टवेयर भी तैयार किया जा रहा है जिससे बहुत से कार्य सरलीकृत हो जायेंगे और कार्यों में तेजी आएगी।

मुख्य सचिव ने कहा कि विभिन्न प्रकार के आवेदनों पत्रों के सरलीकरण की भी आवश्यकता है। उन्होंने सभी प्रकार के बिल, अदायगी और सेवानिवृत्ति के दौरान भरे जाने वाले विभिन्न प्रकार के फॉर्म और हस्ताक्षरों की प्रक्रिया को भी शीघ्र सरलीकरण किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने साइबर तहसील कांसेप्ट को शीघ्र लागू किया जाने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्विवाद भूमि पंजीकरण के दाखिल खारिज को भी सरलीकृत किया जाए।

## एक साल बेमिसाल कार्यक्रम पर कांग्रेस ने जमकर बोला हमला

**पौड़ी** : सरकार द्वारा बनाए गए एक साल के बेमिसाल कार्यक्रम पर कांग्रेस ने जमकर हमला बोला। कहा कि सरकार एक साल बेमिसाल मना रही है लेकिन जनता के लिए एक साल बेहाल रहा है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य राजपाल बिष्ट ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक सतपाल महाराज का विभागीय मंत्री होने के बावजूद पर्यटन के क्षेत्र में स्वीकृत योजनाओं जिनमें प्रमुखता से स्यूंसी और सतपुली झील, दीवा रोपवे आदि पर कार्य नहीं किया जा रहा हैं। परिवहन मंत्री चंदनराम दास पौड़ी जिले के प्रभारी मंत्री है लेकिन खटारा बस पौड़ी भेजने का कार्य कर रहे है जो आए दिन कही पर भी खराब हो जा रही है। गुरुवार को कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य राजपाल बिष्ट ने कहा कि भाजपा शासन काल मे पौड़ी की बेटी अंकिता भंडारी भाजपा नेता के पुत्र पुलकित आर्य की हैवानियत की भेंट चढ़ गई। सीएम ने इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से करवाने और अंकिता के भाई को सरकारी नौकरी देने की बात कही थी लेकिन ये भी जुमला साबित हो रही है और अब कोई भी उनके परिवार की सुध लेने को तैयार नहीं है। कहा कि यह भाजपा सरकार की एक साल की उपलब्धि रही है। विधानसभा भर्ती घोटाले में पक्षपात करते हुए पूर्व सीएम भुवनचंद्र खंडूड़ी के कार्यकाल की नियुक्तियों के लिए अलग पैमाना तय कर दिया गया। इस मौके पर उत्तराखंड युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव आशीष नेगी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित सिंह, पारस रावत आदि शामिल थे।

# सुरेंद्र लाल आर्य के सम्मानित होने पर जताई खुशी

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : बोधी वृक्ष, बुद्ध बिहारी कुजीलाल पेठ, नागपुर की ओर से समाज सेवी सुरेंद्र सिंह आर्य को सम्मानित करने पर विभिन्न संगठनों ने खुशी व्यक्त की है।

गुरुवार को पदमपुर सुखरो स्थित ट्रस्ट कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सदस्यों ने सर्वोदय मंडल के प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र लाल आर्य को बोधी वृक्ष, बुद्ध बिहारी कुजीलाल पेठ, नागपुर की ओर से सम्मानित किए जाने पर खुशी व्यक्त की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चक्रधर शर्मा 'कमलेश' ने कहा कि सुरेंद्र लाल आर्य पिछले कई वर्षों से समाज सेवा में अपना योगदान दे रहे हैं। यही कारण है कि उन्हें कई महत्वपूर्ण सम्मान भी मिल चुके हैं।

समाज सेवा में दिए जा रहे आर्य के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। लोक साहित्य एवं सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष सत्यप्रकाश थपलियाल ने कहा कि सुरेंद्र लाल आर्य ने समाज सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है। हर जरूरतमंद की मदद के लिए वह सदैव तत्पर रहते हैं। इस मौके पर पीएल खंतवाल, नंदकिशोर ढौडियाल 'अरुण', गौरव रावत, नंदलाल धनगर, मोहन भारती, संदीप कुमार, वीर सिंह आदि मौजूद रहे।



नागपुर में सम्मानित होते सुरेंद्र लाल आर्य

## वार्षिकोत्सव को लेकर संशय, छात्र संघ पदाधिकारियों ने किया प्रदर्शन

**संवाददाता**

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के वार्षिकोत्सव को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। बुधवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को सुचारु रूप से कराए जाने को लेकर छात्र संघ पदाधिकारियों ने डीएसडब्ल्यू कार्यालय में प्रदर्शन किया।

इस दौरान छात्र नेताओं ने कहा कि यदि वार्षिकोत्सव के कार्यक्रम में बदलाव किया जाता है वह उग्र आंदोलन करने को विवश होंगे। इस मौके पर छात्र संघ उपाध्यक्ष रॉबिन सिंह, सह सचिव रंजना, कोषाध्यक्ष योगेश बिष्ट और छात्रा प्रतिनिधि मोनिका चौहान ने कहा कि 25 से 29 मार्च तक गढ़वाल विवि का वार्षिकोत्सव होना तय हुआ है, लेकिन कार्यक्रम को लेकर छात्रों और शिक्षक असंमजस की स्थिति में है। कहा कि वार्षिकोत्सव में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर की तैयारियों को लेकर विवि प्रशासन द्वारा अभी कोई व्यवस्था तक नहीं की है। जिससे छात्र अपनी तैयारियां नहीं कर पा रहें है। छात्र नेताओं ने कहा कि यदि निर्धारित कार्यक्रम के तहत यदि वार्षिकोत्सव नहीं कराया गया तो वह उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस संदर्भ में छात्र नेताओं ने गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. एमएस नेगी को ज्ञापन भी दिया। (एजेन्सी)

# उत्तराखंड क्रांति दल ने सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : प्रदेश सरकार की नाकामियों के खिलाफ उत्तराखंड क्रांति दल ने कोटद्वार तहसील में प्रदर्शन किया। कहा कि भाजपा ने विकास के नाम पर केवल जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। प्रदेश में बेरोजारी लगातार बढ़ती जा रही है।

गुरुवार को उक्रांद ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। दल के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डा. शक्तिशैल कपरवाण व आंनद प्रकाश जुयाल ने कहा कि चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने विकास के बड़े-बड़े सपने दिखाए थे। लेकिन, सत्ता मिलते ही नेता अपना वादा भूल गए। जनता की मांग के बाद भी सरकार भर्ती घोटाले व अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच नहीं करवा रही है। सरकार अपने नेताओं को बचाने का प्रयास कर रही है। उक्रांद ने जौलींगांट हवाई अड्डे को लेकर भी राजनीति करने का आरोप लगाया। कहा कि उत्तराखंड के गांधी के नाम से पहचान रखने वाले स्व. इंद्रमणि बडोनी या फिर सीडीएस रहे जनरल विपिन रावत के नाम से हवाई अड्डे का नाम रखा जाए। दोनो ही उत्तराखंड की महान विभूतियां रही है। दोनों महापुरूषों ने अपने क्षेत्रों में उत्तराखंड की सेवा की है। कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेई देश के सर्वोच्च नेता रहे हैं, उनके नाम पर देश में किसी और संस्था का नाम रखा जा सकता है। लेकिन उत्तराखंड की संस्थाओं का नाम उत्तराखंड के महापुरूषों के नाम से ही रखा जाना चाहिए। केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डा. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार की नाकामियों को उजागर करने के लिए उक्रांद ने जगजागरण अभियान की भी शुरूआत कर दी है। कहा कि जनजागरण अभियान में विभिन्न भर्ती घोटालों, अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच को लेकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। दोषियों को सजा मिले इसके लिए उत्तराखंड क्रांति दल अपना संघर्ष जारी रखेगा। इस मौके पर महेंद्र सिंह रावत, राम प्रसाद डोबरियाल, चक्रधर कंडवाल, गुलाब सिंह रावत, विजय पाल, रमेश चंद्र, विजय मौजूद रहे।



कोटद्वार तहसील में प्रदर्शन करते उक्रांद कार्यकर्ता

# कानून व्यवस्थाओं में खलल डालने वालों पर रहेगी पुलिस की नजर

## नवरात्रि व रमजान को लेकर एएसपी ने ली पीस कमेटी की बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : अपर पुलिस अधीक्षक शेखर चंद्र सुयाल ने कहा कि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। कहा कि शहर में कानून व्यवस्था बनी रहे। इसके लिए आमजन को पुलिस का सहयोग करना चाहिए।

तवाली परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में एएसपी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनी रहें, इसके लिए पुलिस ने पूरी तैयारियां कर ली हैं। शांति भंग करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। उन्होंने पुलिस को भी एसे अपराधिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। कहा कि शहर के संदिग्ध स्थानों पर पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है। इस दौरान उन्होंने आमजन को यातायात के प्रति भी जागरूक किया। कहा कि कोई भी व्यक्ति यातायात नियमों का उल्लंघन न करें। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान भी चलाया जा रहा है।



कोटद्वार कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक लेते एएसपी

# टीबी से उबर चुके लोग टीबी को निपटाने के काम में जुटे

हल्द्वानी। क्षय रोग, तपेदिक या ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) को जड़ से मिटाने के लिए कभी टीबी का शिकार रहे लोग जुटे हैं। इन लोगों को स्वास्थ्य विभाग ने ट्रेनिंग देकर टीबी चैंपियन बनाया है। अब यह लोग तीन तरीके से टीबी के मरीजों की मदद कर रहे हैं।

दुनिया में टीबी घातक बीमारी के रूप में जानी जाती है। इसको खत्म की कोशिशें हो रही हैं। उत्तराखंड सरकार ने भी 2024 तक टीवी खत्म करने की योजना बनाई है। ज्यादा से ज्यादा जागरूकता टीबी को खत्म करने में मददगार होगी। टीवी की जागरूकता के लिए हर साल 24 मार्च को दुनिया में विश्व टीबी दिवस मनाया जाता है। नैनीताल जिले में वर्तमान में 3886 टीबी के मरीज हैं जिनका इलाज किया जा रहा है। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग टीबी जागरूरकता को लेकर कार्यक्रम करेगा। खास कार्यक्रम यूनाइट टी एक्ट प्रोजक्ट के तहत काम कर रहे 8 (दो पुरुष, 6 महिलाएं)लोग हैं जिनको सम्मानित किया जाएगा। प्रोजक्ट की जिला कार्डिनेटर किरन नेगी ने बताया कि ये सभी लोग टीबी को झेल चुके हैं। ठीक होने के बाद इनको स्वास्थ्य विभाग ने टीबी से संबंधित ट्रेनिंग दी। अब यह लोग टीबी मरीजों से भावनात्मक रूप से जुड़ कर उनको टीबी से लड़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

तीन तरीके हैं अपनातेः टीबी मरीजों को टीबी से लड़ने के लिए यह तीन तरीके अपनाते हैं। जिसमें आमने सामने की काउंसलिंग कर जुड़ाव, दूसरा टेलीफोनिंक जुड़ाव, तीसरा कम्युनिटी मीटिंग और जागरूकता के लिए नारे स्लोगन, गीत नाटक आदि शामिल है।

निक्षय मित्र बनकर कर सकते है मददः टीबी मरीजों को राज्य सरकार निक्षय योजना के तहत हर माह 500 रुपये देती है। ताकि मरीज टीबी की नियमित रूप से दवा खाने के साथ जरूरी आहार भी ले। यह रकम जहां काफी कम है वहीं समय से भी नहीं मिल पाती है। सरकार ने एक नई निक्षय मित्र योजना चलाई है जिसमें कोई भी व्यक्ति अपने नजदीक के टीबी मरीज को गोद ले सकता है यानि उसे हर माह उसके आहार के लिए धन दे सकता है। जिले में निक्षय मित्र योजना का लक्ष्य 1318 लोगों को निक्षय मित्र बना कर पूरा कर लिया गया है। जिले से टीबी को खत्म करने के लिए एनजीओ के साथ मिल कर लगातार जरूरी कार्रवाई कर रहा है। – डॉ. भागीरथी जोशी, सीएमओ, नैनीताल

# ई–ऑफिस से कार्यप्रणाली में आएगा बदलाव : डॉ. पाठक

हल्द्वानी। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से गौलापार स्थित निदेशालय में गुरुवार से ई–ऑफिस कार्यशाला की शुरुआत हुई। जिसके तहत निदेशालय के कार्मिकों को कागजी कामकाज ऑनलाइन निपटाने के गुर सिखाए जाएंगे।

पहले दिन गुरुवार को मुख्य वक्ता उत्तराखंड सरकार के सीनियर एडवाइजर आलोक तोमर ने विभिन्न जानकारियां दी। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए सहायक निदेशक डॉ. गोविंद पाठक ने बताया कि ई–ऑफिस के माध्यम से निदेशालय की कार्यप्रणाली में बदलाव आएगा। एक से दूसरे सेक्शन में ऑनलाइन फाइल ट्रांसफर होने से काम आसानी और सुगमता से हो सकेगा।

विशिष्ट अतिथि संयुक्त निदेशक डॉ. एएस उनियाल ने बताया कि काम करने की क्षमता में तेजी लाने के लिए संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों को अब तैयार रहना होगा। निदेशक प्रो. सीडी सूठा ने ई–ऑफिस के माध्यम से कार्यों में दक्षता और समयबद्धता पर विशेष जोर दिया। कार्यशाला के प्रथम सत्र में रिसोर्स पर्सन आलोक तोमर ने ई–ऑफिस का प्रयोग करने, फाइल ऑनलाइन करने, लॉग इन आईडी बनाने के बारे में जानकारी दी।

इस मौके पर उप निदेशक डॉ. राजीव रतन, डॉ. आरएस भाकुनी, डॉ. प्रेम प्रकाश, डॉ. अनुपमा तिवारी, डॉ. आफताब अहमद, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी रघुवीर लाल, विनोद पांडे, पंकज जोशी, मोहित तिवारी, अजय शर्मा, घनी लाल, वीरेंद्र सिंह, रिसोर्स पर्सन मोहित, ट्रेनर वैशाली आदि मौजूद रहे।

# क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु को किया याद



अल्मोड़ा। उत्तराखंड लोक वाहिनी की ओर से देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु के शहादत दिवस पर गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि सरदार भगत सिंह ने देश की आजादी के लिए अपनी शहादत दी, उनका सपना था कि भारत में हर गरीब और अमीर के बीच की खाई समाप्त हो सके। लेकिन आज आजादी के 70 सालों में यह खाई और मजबूत हो गई है। देश में लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास होने के बजाय ह्रास हो रहा है। वहीं वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड राज्य आंदोलन के दौरान राजधानी राज्य के मध्य के शहर में स्थापित करने की थी, किंतु राज्य बने हुए 23 वर्ष हो गए हैं ,अभी तक भी आंदोलनकारी ताकते उत्तराखंड राज्य की स्थाई राजधानी गैरसैण घोषित करने के लिए आंदोलन कर रहे हैं। आज भू–कानूनों पर सरकार मौन है। अध्यक्षता वाहिनी के वरिष्ठ नेता जगत सिंह रौतेला और संचालन दयाकृष्ण कांडपाल ने किया। यहां वाहिनी के उपाध्यक्ष जंगबहादुर थापा, अजय मित्र बिष्ट, कुणाल तिवारी, रेवती बिष्ट, माधुरी मेहता, विशन दत्त जोशी, अजय सिंह मेहता, पूरन चंद्र तिवारी, अन्नीसुद्दीन, अनिल सिंह आदि मौजूद रहे।

# थल में भाजपा ने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं

पिथौरागढ़। संस्कृति निदेशालय की ओर से आयोजित प्रशिक्षण का समापन हो गया है। 30 दिन तक चले इस प्रशिक्षण के दौरान जनजाति के युवाओं ने अपनी संस्कृति पर आधारित गायन, नृत्य व वाद्य यंत्रों के बारे में जाना। गुरुवार को जैती रामलीला स्टेज में समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर मोहनी देवी पंचपाल और जवाहर राम मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बाद में युवाओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, जिसे लोगों ने खूब सराहा। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने कहा कि इस तरह प्रशिक्षण लुप्त होती संस्कृति को संरक्षित करने में अहम साबित होंगे। कहा ऐसे कार्यक्रमों से ही युवाओं को अपनी संस्कृति को करीब से जानने और समझने का अवसर मिलेगा। यहां ग्राम प्रधान पुष्पा रावत, ग्राम प्रधान संजय सिंह धामी, पूर्व प्रधान खुशाल सिंह जेष्ठा, पूर्व कनिष्ठ प्रमुख हीरा रावत, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य नेहा पांगती सहित कई लोग मौजूद रहे।

## बंदियों को कानूनी अधिकारों से अवगत कराया

पिथौरागढ़। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने न्यायिक बंदीगृह में रह रहे बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। सीनियर सिविल जज और विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव विभा यादव ने न्यायिक बंदीगृह का निरीक्षण किया।

## धामी सरकार का एक साल का कार्यकाल बेमिसालः अजय भट्ट

हल्द्वानी। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सरकार का एक साल का सफल कार्यकाल पूरा होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि एक साल में उल्लेखनीय कार्य कर धामी सरकार ने मिसाल कायम की है। केंद्रीय राज्यमंत्री भट्ट ने कहा कि जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार द्वारा एक वर्ष में चौमुखी विकास की ओर अग्रसर होकर कई कल्याणकारी फैसले लिए हैं वह प्रशंसनीय हैं। राज्य आंदोलनकारियों को आरक्षण हो या 30 फ़ीसदी महिला आरक्षण का फैसला हो राज्य सरकार ने जनहित में कार्य किए हैं।

# लोनिवि के अभियंताओं की रिलीज हुई सैलरी

अल्मोड़ा। लोनिवि के 70 अभियंताओं की फरवरी की सैलरी रिलीज कर दी गई। सभी अभियंताओं का फरवरी का वेतन खाते में पहुंच गया है। डीएम ने जिला विकास योजना के तहत कार्यों में ढिलाई के चलते अग्रिम आदेशों तक फरवरी माह के वेतन पर आहरण पर रोक लगाई थी, और विभाग से प्रोग्रस रिपोर्ट मांगी थी। दरअसल, डीएम वंदना की ओर से जिला योजना के कार्यों की समीक्षा की गई।

इस दौरान जिला योजना के तहत लोनिवि के कार्यों की प्रोग्रस रिपोर्ट ठीक नही होने पर डीएम ने एक्शन लेते हुए, अल्मोड़ा–रानीखेत डिवीजन के सभी ईई, एई और जेई के फरवरी माह के वेतन आहरण पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी थी। वेतन आहरण पर रोक लगने से अभियंताओं में भी आक्रोश था, बैठक कर अभियंताओं ने जल्द से जल्द वेतन आहरण की मांग की थी। आंदोलन की भी चेतावनी अभियंताओं की ओर से दी गई थी। इधर अब मार्च दूसरे पखवाड़े में सभी अभियंताओं के खाते में वेतन पहुंच गया है। अभियंताओं ने बताया कि फरवरी का वेतन का भुगतान हो गया है। इससे अभियंताओं ने राहत की सांस ली है।

## अंकित हत्याकांड की निष्पक्ष जांच की मांग

पिथौरागढ़। नामिक में अंकित के मौत के मामले में भीम आर्मी ने डीएम कार्यालय में प्रदर्शन किया। गुरुवार को एडीएम को ज्ञापन देकर अंकित के परिवार को 50 लाख रुपये व एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। गुरुवार को यहां अंकित की मौत की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर भीम आर्मी ने प्रदर्शन किया।

युवाओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि नामिक गांव में अंकित नाम के युवक की हत्या कर दी और साथी युवक ने भागकर अपनी जांच बचाई। तीन लोगों को प्रशासन ने गिरफ्तार किया है,कहा कि इसमें अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं। इसकी प्रशासन को निष्पक्ष जांच करनी चाहिए। इस दौरान भीम आर्मी एकता मिशन के प्रदेश अध्यक्ष महक सिंह, जिलाध्यक्ष गोविंद बौद्ध सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## अल्मोड़ा जल संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी ने हल्द्वानी में की आत्महत्या

हल्द्वानी, । अल्मोड़ा में तैनात जल संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी ने हल्द्वानी में खुदकुशी कर ली। उनका शव रोडवेज बस स्टेशन के पास होटल के कमरे में मिला है। मौके पर सल्फाश का डिब्बा भी बरामद हुआ है। पुलिस आज शव का पोस्टमार्टम कराएगी। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**यह है पूरा मामला**

कोतवाल हरेंद्र चौधरी को सूचना मिली कि रोडवेज बस स्टेशन के पास तिवाड़ी टूरिस्ट होटल का एक कमरा अंदर से बंद है। कमरे में गेस्ट ठहरा हुआ था। इस पर कोतवाल, एसएसआइ विजय मेहता व मंगलपड़ाव चौकी इंचार्ज जगदीप नेगी मौके पर पहुंचे। दरवाजा तोड़कर देखा तो बेड पर शव पड़ा था। पास में सल्फाश का डिब्बा व एक बैग था। होटल के रिसेप्शन में मृतक का आधार कार्ड जमा था। जिससे शिनाख्त अल्मोड़ा के चिंकुड़ा पटगलिया, महरागांव निवासी 54 वर्षीय राधाकिशन जोशी पुत्र रमेश चंद्र जोशी के रूप में हुई।

**क्या कहती है पुलिस**

कोतवाल हरेंद्र चौधरी ने बताया कि राधाकिशन अल्मोड़ा जल संस्थान कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। मंगलवार शाम छह बजे राधाकिशन ने किराए पर कमरा लिया था। देर शाम खाना खाया। इसके बाद बाहर नहीं आए। आत्महत्या की सूचना स्वजन को दे दी गई है।

# नौकरी बहाली की मांग को लेकर कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन जारी



अल्मोड़ा। स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों के सापेक्ष समायोजित करने और नौकरी बहाली की मांग को लेकर कोविड के दौरान विभाग में रखे गए कर्मचारियों का अल्मोड़ा में अनिश्चित कालानी धरना प्रदर्शन जारी है। नौकरी से हटाए जाने से नाराज कर्मचारी गुरुवार को भी सीएमओ कार्यालय परिसर में धरने पर डटे रहे। नारेबाजी कर जल्द से जल्द नौकरी बहाली की मांग की। कर्मचारियों ने कहा कि कोविड के दौरान उन्हें शासन स्तर से नौकरी पर रखा गया था। लेकिन अब उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। इससे वह मानसिक तौर पर परेशान हैं। इधर गुरुवार को धर्म निरपेक्ष युवा मंच के संयोजन विनय किरौला कर्मचारियों के धरने को समर्थन देने पहुंचे। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए जल्द से जल्द सभी कर्मचारियों की नौकरी बहाल करने की मांग की। यहां साहिल जोशी, पंकज कुमार पांडेय, शुभम वाल्मीकि, अंकित वाल्मीकि, आशा नेगी, विजय प्रसाद, हिमांशु बिष्ट, भुवन जोशी, रंजन बिष्ट, मुकेश शर्मा, दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।

## दलित युवक की हत्या की सीबीआई जांच की मांग

अल्मोड़ा। पिथौरागढ़ के नामिक में अंकित हत्याकांड के विरोध में भीम आर्मी मुखर हो गई है। गुरुवार को सल्ट में भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम गौरव पांडे के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। हत्याकांड की सीबीआई जांच कर दोषियों को सख्त सजा देने की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा कि प्रदेश की सरकार दलित विरोधी सरकार है। कहा कि हत्याकांड के दोषियों पर अब तक शासन प्रशासन उचित कार्रवाई नहीं कर सका है। जिससे लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन सौंपने वालों में भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष विजय कुमार, नंद किशोर, राजेंद्र कुमार, सूरज कुमार, हरीश चंद्र, संजय कुमार, सुरेश चंद्र, धमेंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

# त्रिस्तरीय पंचायत का कार्यकाल दो वर्ष बढ़ाने की मांग

पिथौरागढ़। उत्तराखण्ड त्रिस्तरीय पंचायत संगठन ने सीएम को एक एसडीएम के माध्यम से एक ज्ञापन भेजकर त्रिस्तरीय पंचायतों का कार्यकाल दो वर्ष बढ़ाने की मांग की है।

उन्होंने कहा निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को कोरोना काल में दो साल तक विकास के काम करने का अवसर नहीं मिला है। इसलिए पंचायत प्रतिनिधियों को काम के लिए अतिरिक्त समय मिलना चाहिए। गुरुवार को संगठन के प्रदेश अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया की अध्यक्षता एक बैठक हुई। जिसमें ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत के निर्वाचित सदस्यों ने प्रतिभाग किया। कहा गया कि पंचायत प्रतिनिधियों ने कोविड 19 में फ्रंटलाइन स्वंयसेवी बनकर काम किया। मर्तोलिया ने कहा सरकार को अध्यादेश लाकर पंचायतों के दो वर्ष के कार्यकाल को बढ़ाने की कार्यवाही करनी होगी। कई अन्य प्रतिनिधियों ने भी उनकी मांग का समर्थन किया। बैठक के बाद एसडीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा गया। इस दौरान ग्राम प्रधान पंकज सिंह बृजवाल, मनोज मर्तोलिया, लवराज कुमार, गजेन्द्र सिंह क्रीरीयाल, कृष्णा सिंह सयाना, चरण सिंह पापडा, नाथो राम, राम सिंह नेगी, संजय सिंह धामी, पुष्पा रावत, सावित्री पांगती, दीपा देवी, हेमा देवी मेहरा, मंजू दरियाल, इन्द्रा रिलकोटिया, ललिता मर्तोलिया, क्षेत्र पंचायत सदस्य कृष्णा सिंह सुमत्याल , विजय सिंह दरियाल, कविता कोरंगा, योगेश भाकुनी, केदार वर्मा मौजूद रहे।

## जिले में तेजी से बढ़ रहा वायरल फीबर का प्रकोप

बागेश्वर। जनपद में कुछ दिन मौसम खराब होने के बाद चटख धूप खिली है। बार–बार मौसम में हो रहे बदलाव के चलते संक्रमित बुखार के मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है।

विभिन्न चिकित्सालयों में मरीजों की सुबह से कतार लग रही है। चिकित्सकों ने इस मौसम में जनता से विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है।

# पुलिस का ऑपरेशन मुक्ति अभियान भिक्षा नहीं शिक्षा दें जारी है

पिथौरागढ़। जनपद में पुलिस का ऑपरेशन मुक्ति अभियान भिक्षा नहीं शिक्षा दें जारी है। ऑपरेशन मुक्ति टीम प्रभारी पूजा मेहरा, हेड कांस्टेबल दीपक खनका और कांस्टेबल निर्मल कुमार ने आगर छेड़ा क्षेत्र में अभियान चलाया। इस दौरान अमित कुमार नाम के दो बच्चे पुलिस को मिलें, जो अब वर्तमान में स्कूल नहीं जाते हैं। काउंसिलिंग के दौरान बच्चों ने बताया कि स्कूल के अन्य बच्चों ने उनके साथ मारपीट की। इस कारण उन्होंने स्कूल जाना छोड़ दिया। टीम ने बच्चों और परिजनों को शिक्षा को महत्व से रूबरू कराया और आगामी शिक्षण सत्र में कॉपी–किताब व अन्य शिक्षण सामाग्री उपलब्ध कराने का आश्वासन देते हुए दोनों का प्रवेश स्कूल में कराने को कहा। जिस पर दोनों बच्चे स्कूल जाने के लिए तैयार हो गए हैं।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का बालवाटिका प्रशिक्षण रहा जारी

पिथौरागढ़। विण विकासखंड में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का बालवाटिका प्रशिक्षण जारी है। प्रशिक्षण के तीसरे दिन की शुरूआत कार्यकत्रियों की प्रार्थना सभा व समूहगान से हुई। बाद में नोडल अधिकारी गणेश सिंह ज्याला, केआरपी पूनम सिंह व मास्टर ट्रेनर दीपा पाण्डेय, दीपा वर्मा, वैशाली ने कार्यकत्रियों को शिक्षक की भूमिका, सीखने हेतु वातावरण का सृजन, स्कूल पूर्व शिक्षा, प्रारम्भिक बाल्यावस्था में आंकलन, दीवार पत्रिका का निर्माण के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण प्रभारी बीआरसी समन्वयक नवल पंत ने भी निरीक्षण कर प्रशिक्षण की व्यवस्था का जायजा लिया।

## निराशाजनक रहा एक साल का कार्यकाल : उनियाल

हल्द्वानी। उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल ने उत्तराखंड सरकार के 1 साल के कार्यकाल को निराशाजनक बताया है। कहना है कि पेपर लीक, अंकिता हत्याकांड, युवाओं पर लाठीचार्ज, हेलंग घाटी में पहाड़ की महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार जैसे शर्मनाक कृत्य इसी एक साल में हुए हैं।

कॉपी, किताब, बिजली, पानी, सब महंगा कर दिया है और शराब को सस्ता किया जा रहा है। बजट से ज्यादा कर्ज होना भी बड़ी चिंता का विषय है।

# एनएसएस स्वयंसेवियों ने गांव को बनाया स्वच्छ



चम्पावत।राजकीय पॉलिटेक्निक लोहाघाट का सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर आदर्श राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय सुंई पऊ में शुभारंभ हो गया है। जिसमें स्वयं सेवियों सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी। गुरुवार को शिविर का शुभारंभ प्रभारी प्रधानाचार्य गोविंद बल्लभ थुवाल ने किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस समाज सेवा का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने शिविर के दौरान गांव में रचनात्मक गतिविधियां संचालित करने की बात कही। कार्यक्रम अधिकारी वसीम अहमद के निर्देशन में एनएसएस स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर और गांव में स्वच्छता अभियान से शिविर की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कई मनमोहन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। संचालन अंजली अग्रवाल ने किया। इस मौके पर प्रमोद कुमार,पुष्कर नाथ गोस्वामी, ललित मोहन तिवारी,बीना टम्टा, कमलेश कुमार आजाद, सुमन लडवाल आदि मौजूद रहीं।

# जैविक खेती एवं स्वास्थ्य सुविधा पर कार्यशाला हुई

चम्पावत। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चम्पावत में जी–20 के तत्वाधान में रैली एवं जैविक खेती एवं स्वास्थ्य सुविधाओं संबंधित चुनौतियों पर कार्यशाला आयोजित की गई। गुरुवार को प्राचार्या डॉ़ प्रणीता नंद की अध्यक्षता एवं डॉ़ बीपी ओली के संचालन में आयोजित कार्यशाला में छात्र–छात्राओं को जी–20 संगठन के उद्देश्यों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में डॉ़ विवेक कुमार ने जैविक खेती पर व्याख्यान दिया। यहां डॉ़ किरन कुमार पंत, डॉ़ अल्का, डॉ़ औलख, डॉ़ निरुपमा तिवारी, डॉ़ सुनील कुमार के साथ छात्र संघ अध्यक्ष मनीष महर रहे।

## पांच महीने से मानदेय नहीं मिलने से आशाएं निराश

बागेश्वर। स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ कहे जाने वाली आशाओं की आशा पूरी नहीं हो रही है। पांच महीने से उन्हें पारिश्रमिक नहीं मिला है। बैठक, ट्रेनिंग तथा टीकाकरण का काम आशाएं लगातार कर रही है, उनका मेहनताना नहीं मिल रहा है। अब उनके सामने रोजी–रोटी का संकट गहराने लगा है। अपनी समस्याओं को वह हर मंच पर रख रही हैं, लेकिन उन्हें आश्वासनों के अलावा कुछ नहीं मिल रहा है।

# 113 वीं जयंती पर याद किए गए डॉ. लोहिया

हल्द्वानी। डॉ. राममनोहर लोहिया की 113 वीं जयंती सपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। गुरुवार को सपा के आजाद नगर स्थित कार्यालय में डॉ. लोहिया के चित्र पर सपा प्रदेश प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दीकी के साथ–साथ कार्यकर्ताओं ने फुलमाला पहना कर याद किया। सपा प्रदेश प्रभारी सिद्दीकी ने कहा कि डॉ. लोहिया ने देश की आजादी के लिये संघर्ष किया। उन्होने अपना सारा जीवन नागरिक अधिकारों की रक्षा, अन्याय व दमन के विरोध तथा समाज के दबे कुचले और पिछड़े लोगों की बेहतरी के लिये ही लगाया। इस दौरान जावेद सिद्दीकी, त्रिलोक कुमार, अरशद अय्यूब, अलीम अंसारी, इस्लाम मिकरानी, गौरव गुप्ता, वकील अहमद, जावेद मिकरानी, मुन्नु कुरैशी, उमैर मतीन, नासिर हुसैन, जमील मिकरानी, अशरफ खां, सतीश कुमार, शकील अंसारी, सईद अख्तर, रेहान मलिक आदि मौजूद रहे।

## खनिज मिश्रण की कमी से होने वाले रोग के बारे में बताया

बागेश्वर। कृषि विज्ञान केंद्र काफलीगैर ने राष्ट्रीय नवाचार परियाजन के तहत गुरुवार को कराला पालड़ी में पशु चिकित्सा शिविर लगाया। शिवर में पशुपालकों को पशुओं से जुड़ी बीमारी तथा पोष्टिक भोजन के लाभ के बारे में बताया। पशु विशेषज्ञ डॉ. नवल किशोर सिंह ने पशुओं में परजीवियों के प्रभाव, पशुचारे व दाने मं खनिज मिश्रण की की कमी से होने वाली बीमारी के बारे में बताया। पशुओं का समय पर ऋतुकाल में न आना, बढ़वार में कमी आनाब, बांझपन की समस्या, दुग्ध कम होना आदि जाकनारी दी गई। इस मौके पर दवा आदि भी दी गई।

# तीन सौ एकड़ वनभूमि में एक हजार पेड़ काटकर बनाई सड़क

नैनीतालः उधमसिंह नगर के गुलजार पुर में 300 एकड़ वन भूमि में एक हजार से ज्यादा पेड़ो को काटकर कई किलोमीटर सड़क निर्माण किए जाने के विरुद्ध दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए रामनगर वन प्रभाग के डीएफओ को छह अप्रैल को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने को कहा है। कोर्ट ने सड़क को तत्काल बंद करने का आदेश पारित करते हुए अगली सुनवाई की तिथि छह अप्रैल नियत की है।

**सरकार ने कहा– मामले में चार करोड़ का चालान**

बता दें, सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की तरफ से कहा कि अवैध खनन के मामले में सरकार ने करीब चार करोड़ का चालान किया है। 82 लोगो पर मुकदमा दर्ज भी किया है।

अवैध खनन को रोकने के लिए कर्मचारियों का अभाव है, पुलिस उनका साथ नहीं दे रही है।

# ---सरकार ने जनता के हित में एक वर्ष में ऐतिहासिक फैसले लिए : चन्दन


जनपद के प्रभारी मंत्री, कैबिनेट मंत्री चन्दन राम दास शहीद के परिजन को सम्मानित करते हुए।


जनपद के प्रभारी मंत्री, कैबिनेट मंत्री चन्दन राम दास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।


जनपद के प्रभारी मंत्री, कैबिनेट मंत्री चन्दन राम दास को डीएम डॉ. आशीष चौहान स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जनपद के प्रभारी मंत्री, कैबिनेट मंत्री चन्दन राम दास ने कहा कि हमारी वर्तमान सरकार ने एक वर्ष की अवधि में अनेक ऐतिहासिक फैसले लिये हैं, जिनमें वंछित वर्ग के कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं से लेकर विभिन्न क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को संपादित किया है। इसके साथ ही भविष्य के लिए क्षेत्र लक्ष्य तय करने का संकल्प लेते हुए उसको प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य बनाने में योगदान देने वाले युवा, महिला और विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के सपनों को साकार करने का हमारी सरकार कार्य कर रही है। हम प्रत्येक जनपद में ई-वाहन को बढ़ावा देने के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाने की ओर कार्य करेंगे। प्रत्येक जनपद में दिव्यांग पुनर्वास केंद्र बनाने की बात कही। कहा कि जनपद में रोडवेज बस डिप्पो के लिए जगह मिलते ही हम उस दिशा में आगे बढ़ेंगे।

उत्तराखंड सरकार की 'एक साल नई मिसाल' के अंतर्गत आयोजित 'जनसेवा कार्यक्रम' का जनपद पौड़ी मुख्यालय के रामलीला मैदान में जनपद के प्रभारी मंत्री, कैबिनेट मंत्री चन्दन राम दास द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने विगत एक वर्ष में सक्त धर्मातरण रोकथाम कानून, नई शिक्षा नीति को लागू करने, सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं को ही 30 प्रतिशत का लाभ देने का रास्ता सुनिश्चित करने, गरीब वंछित परिवारों को 3 निःशुल्क गैस रिफिल योजना का लाभ देने तथा सक्त नकल विरोधी कानून लाने का काम किया है। समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए सरकार ने गंभीरता से कदम उठाये हैं। उन्होंने कहा कि वृद्ध महिला व पुरूष दोनों को पेंशन देने का काम, अटल आवास योजना को पुनः प्रारंभ करने, नई पर्यटन नीति व नई खेल नीति खेल नीति लायी, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, होमस्टे योजना, मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री सूक्ष्म नैनो स्वरोजगार योजना आदि योजनाओं को प्रारंभ किया है। अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती शांति देवी ने कहा कि आज प्रदेश सरकार ने अपना एक साल पूर्ण किये है, ये एक साल उपलब्धियों से भरा हैं। मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक निर्णय लिए गये है। कहा कि सशक्त भू कानून बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर पर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान, मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे, नगर पालिका अध्यक्ष यशपाल बेनाम, अपर जिलाधिकार ईला गिरी, पीडी डीआरडीए संजीव कुमार रॉय, जिला विकास अधिकारी पुष्पेंद्र चौहान, प्रमुख पौड़ी दीपक खुगशाल, प्रमुख एकेश्वर नीरज पांथरी, नैनीडांडा प्रशांत कुमार, उपजिलाधिकारी सदर आकाश जोशी, श्रीनगर अजयबीर सिंह, चौबट्टाखाल संदीप कुमार, लैंसडौन सोहन सिंह, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह रावत, अध्यक्ष भाजपा श्रीमती सुषमा रावत, अध्यक्ष कोटद्वार भाजपा वीरेंद्र रावत, भाजपा जिला प्रभारी विजय कपरवाण, सहित संबंधित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी व जनसमूह उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य विभाग ने 4 दिव्यांगों को प्रमाण पत्र वितरित किये

स्वास्थ्य विभाग के कैम्प में कुल 93 पंजीकरण हुए, जिसमें ईएनटी 13, आर्थोपेडिक 10, आंखों की जांच 27 तथा जनरल में 43 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प में 4 दिव्यांगों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये। जनपद के प्रभारी मंत्री, कैबिनेट मंत्री चन्दन राम दास ने स्वास्थ्य विभाग, एनआरएलएम, पुलिस, होम्योपैथिक, समाज कल्याण, कृषि, उद्यान, बाल विकास, शिक्षा, रेलवे विभाग, लीड बैंक अधिकारी कार्यालय, सहकारिता विभाग द्वारा लगाये स्टॉल का निरीक्षण किया।

## पौड़ी में बनेगा रोडवेज बस डिपो : पोरी

स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी ने कहा कि उत्तराखंड प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन व धामी नेतृत्व में विकास की नई ऊंचाईयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि गौरव का विषय है कि हमारे प्रदेश में जी-20 की बैठकें आयोजित की जा रही है। स्वास्थ्य केन्द्रों पर 207 जांचे निःशुल्क की जा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देशन पर अब मण्डलीय अधिकारी मण्डल कार्यालयों में ही बैठगें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने पौड़ी बस अड्डे के निर्माण को पूर्ण करने की घोषणा की है, जिसे जल्द ही पूर्ण कर लिया जायेगा। कहा कि पौड़ी में रोड़वेज बस डिपो निर्माण को स्वीकृत किया गया है।

### मंत्री ने शहीदों के परिजनों, साहित्यकार और लोकगायक को किया सम्मानित

जनपद के प्रभारी मंत्री, कैबिनेट मंत्री चन्दन राम दास ने विकासखंड कोट के भगवती पाण्डे और पवन कुमार को जंगली जानवरों से खेती सुरक्षा संबंधित चैन लिंक फेंसिंग योजना के अंतर्गत क्रमशः 1 लाख 60 हजार रूपये और 1 लाख 44 हजार रूपये की धनराशि के चैक वितरित किये। मंत्री ने अनीता देवी (गैस ऐजेंसी मोहल्ला पौड़ी) अनुसूईया देवी, देवेश्वरी देवी, संगीता देवी, गीता देवी, अफ्रोज बेगम, गुड्डी देवी, साधना देवी, कुसुम बिष्ट व गीता देवी (पौड़ी) सहित कुल 10 महिलाओं को मुख्यमंत्री अंत्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना का लाभ प्रदान किया। उन्होंने हिना इक्तियाक, अर्चना, सलोनी और माधुरी को महालक्ष्मी कीट वितरित की। मंत्री ने वीरेंद्र पंवार (साहित्यकार), गौरीशंकर थपलियाल, द्रोणाचार्य अवार्ड प्राप्त संदीप ढुकलान, लोकगायक अनील बिष्ट व देव उनियाल को भी सम्मानित किया। प्रभारी मंत्री ने शहीद रघुनाथ, मनोज सिंह रावत, कुशाल सिंह, हर्षमणि, ध्यान सिंह, कमल सिंह, प्रीतम सिंह, दलीप सिंह, विपिन सिंह, श्याम सिंह, मान सिंह, अनूप कुमार के परिजनों को सम्मानित किया।

## लाभार्थियों को बांटे चेक

जनपद के प्रभारी मंत्री, कैबिनेट मंत्री चन्दन राम दास ने 2 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री राहत कोष सहायता से दस-दस हजार के चैक, विकासखंड खिर्सू के गौरा स्वयं सहायता समूह श्रीकोट गढ़सारी, विकासखंड कोट की श्रीराजराजेश्वरी स्वयं सहायता समूह, वैष्णोदेवी स्वयं सहायता समूह कोट को 1-1 एक लाख के चैक तथा विकासखंड पौड़ी के रैतेलूमुलुक स्वयं सहायता समूह रैदुल व रोशनी स्वयं सहायता समूह रैदुल को 6-6 लाख के चैक वितरित किये। वहीं विकासखंड कोट के 7 लाभार्थियों के प्रधानमंत्री आवास पूर्ण होने पर राज्य सरकार द्वारा दिये जो रहे बर्तन खरीदने हेतु 5-5 हजार के चैक वितरित किये। साथ ही उन्होंने दिव्यांगजनों को कृत्रिम उपकरण दिये व उन्हें सम्मानित भी किया।

# एनआईटी श्रीनगर और ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के बीच हुआ एमओयू

श्रीनगर गढ़वाल : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, उत्तराखंड श्रीनगर एवं ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी देहरादून के बीच अकादमिक समझौता (एमओयू) हुआ है। जिस पर एनआईटी की ओर से निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी और ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी की ओर से निदेशक प्रो. एचएन नागराजा तथा ग्राफिक एरा एजुकेशन सोसायटी के डायरेक्टर जनरल संजय जसोला ने हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू के तहत दोनों संस्थानों के बीच अकादमिक गतिविधियां साझा होंगी।

एनआईटी निदेशक प्रो. अवस्थी ने कहा एनआईटी उत्तराखंड विभिन्न क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर के संस्थानों और प्रतिष्ठानों के साथ अपने अकादमिक और औद्योगिक संबंधों को मजबूत कर रहा है जिससे छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं को व्यापक अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि इस समझौता ज्ञापन का प्राथमिक उद्देश्य संयुक्त शैक्षणिक और अनुसंधान कार्यक्रमों, छात्रों के संयुक्त पर्यवेक्षण, संयुक्त प्रायोजित अनुसंधान परियोजनाओं और संयुक्त प्रकाशनों के माध्यम से दोनों संस्थानों के संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और छात्रों और शोध छात्रों के बीच अकादमिक बातचीत और सहयोग को बढ़ावा देना है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह समझौता दोनों संस्थाओ के छात्रों के पोषण और भविष्य निर्माण के लिए पेशेवर उत्कृष्टता के साथ जीवंत और उद्यमशील माहौल प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा। ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, देहरादून के डायरेक्टर जनरल प्रो. एचएन नागराजा ने कहा कि एनआईटी उत्तराखंड के साथ हुआ समझौता ज्ञापन अकादमिक सहयोग के नए मानक स्थापित करेगा .

## शांति मार्च में गईं डीएवी की छात्राओं को किया सम्मानित

देहरादून। शांति मार्च में कोलकाता से बांग्लादेश गईं डीएवी पीजी कालेज की लॉ की दो छात्राओं के वापस लौटने पर गुरुवार को कालेज में उनका सम्मान किया गया। इस दौरान छात्रा प्रोनोमिता डंगवाल व अनुष्का दीक्षित ने कालेज में अपने अनुभव साझा किए। इसके लिए कालेज के विधि विभाग की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। महिला आयोग की पूर्व सचिव रामिंद्री मंदरवाल मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने कहा कि आज लड़कियां व महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ी हैं।

# बालक और बालिकाएं समाज के अभिन्न अंग

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन पर बाल्मीकि बस्ती पौड़ी में ''नारी शक्ति उत्सव'' मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को लैंगिक भेदभाव से होने वाले नकारात्मक प्रभाव के विषयों मं जानकारी दी गयी।जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार ने कार्यक्रम में जानकारी देते हुए बताया कि बालक और बालिकाएं दोनों ही समाज के अभिन्न अंग है, दोनों को शिक्षा और पोषण स्तर पर समान अवसर प्रदान किये जाने चाहिए। इस दौरान 5 महिलाओं को वैष्णवी किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी आशा रावत, सामाजिक कार्यकर्ता बलराम बागवानी, सतपाल टांक, शिवचरण बागवानी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गीता, आशा, रूपा, बबीता, मीनाक्षी, मंजू, श्रीमती स्वाति, वर्षा, लक्ष्मी, रजनी, सलोनी, नीलम सहित लगभग 70 प्रतिभागी उपस्थित रहे।


जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार महिला को वैष्णवी किट वितरित करते हुए।

## बैठक 26 को

कोटद्वार : गढ़वाल राइफल्स के समस्त गौरव सेनानियों की बैठक 26 मार्च को आयोजित की जाएगी। जानकारी देते हुए कैप्टन रि. श्रीधर प्रसाद केष्टवाल व सुबेदार रि. दयानंद भट्ट ने बताया कि बैठक बीईएल रोड मोटाढांक में होगी। जिसमें लैंसडौन सेंटर कमांडेट के बिग्रेडियर विजय मोहन चौधरी शामिल होगी।

## रैली निकालकर सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर किया जागरूक

श्रीनगर गढ़वाल : विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में हिमालयी जलीय जैव-विविधता विभाग द्वारा प्लास्टिक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक के विषय पर समाज के विभिन्न वर्गों को जागरुक किया गया। विभाग के छात्र–छात्राओं ने सिंगल यूज के विकल्प भी लोगों के बीच रखे और उससे संबंधित पंपलेट भी वितरित किए।

विभाग के अध्यक्ष डॉ. जसपाल सिंह चौहान ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम वर्ष भर आयोजित किए जाएंगे। इसका लक्ष्य प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए प्रयास को पूर्णतः सफल करना है। डॉ. चौहान ने बताया कि प्लास्टिक माइक्रो प्लास्टिक में टूटकर हमारे जलीय पारिस्थितिकी तंत्र जैसे नदी तालाब झरने और उनमें रहने वाले जीवो के भीतर पहुंच जाते हैं। इस मौके पर डा. कौशल, नेहा बडोला, वैशाली भट्ट, दीप्ति सेमवाल, क्षितिज, मोनालिसा, रजनीश, अनामिका, निकिता, दयाकर, नौशाद आदि मौजूद रहे। (एजेन्सी)

# स्वयं सेवियों ने सिद्धबली मंदिर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : श्री गुरु रामराय पब्लिक स्कूल के स्वयं सेवियों की ओर से श्री सिद्धबली मंदिर व फलाहारी बाबा मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयं सेवियों ने अन्य लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। कहा कि समाज को स्वच्छ व स्वस्थ बनाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। गुरुवार को एनएसएस शिविर के पांचवें दिन स्वयं सेवियों ने सिद्धबली मंदिर व फलाहारी बाबा मंदिर में अभियान चलाया। स्वंय सेवियों ने मंदिर परिसर के आसपास फैले कूड़े को एकजगह एकत्रितत कर उसे नष्ट किया। एनएसएस के मंडलीय कार्यक्रम समन्वयक पुष्कर सिंह नेगी ने बताया कि अभियान के दौरान स्वयं सेवियों ने आमजन से प्लास्टिक के उपयोग को पूरी तरह बंद करने की भी अपील की। स्वयं सेवियों ने श्रद्धालुओं से कूड़े को सार्वजनिक स्थानों में फेंकने के बजाय कूड़ेदान का उपयोग करने की भी अपील की। कहा कि स्वच्छ व स्वस्थ भारत निर्माण के लिए हम सभी को सफाई पर विशेष ध्यान देना होगा। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी हिमांशु द्विवेदी, रोशन नेगी, पूनम बहुखंडी, रचना डोबरियाल, माधुरी बड़ोला, आशा कुकरेती, रेनू बुड़ोटी, रेखा ध्यानी, कुकुमलता आदि मौज़ूद रहे।


कोटद्वार के श्री सिद्धबली मंदिर के आसपास स्वच्छता अभियान चलाते स्वयं सेवी

# सीएम ने किया 'ई-संवाद यात्रा उत्तराखण्ड' वाहन को रवाना


सीएम पुष्कर सिंह धामी 'ई-संवाद यात्रा उत्तराखण्ड' वाहन को रवाना करते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में 'मुख्य सेवक आपके द्वार' अन्तर्गत 'ई-संवाद यात्रा उत्तर-ाखण्ड' वाहन का फ्लैग ऑफ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रचार वाहन के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही विड्डिान्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

इस वाहन को विशेष रूप से आउटडोर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए तैयार किया गया है और इसका उपयोग दूर-दराज के गांवों में ड्डाी लोगों से बातचीत करने के लिए किया जाएगा। मुख्यमंत्री वीडियो कॉफ्रेंसिंग सुविधा के माध्यम से इस वाहन से दूर-दराज के लोगों से जुड़ सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सुविधा से राज्य के लोगों को मुख्यमंत्री कार्यालय के संपर्क करने में ड्डाी मदद मिलेगी।

## पृथ्वीनाथ मंदिर में हुई मां भगवती के ब्रह्मचारिणी स्वरुप की पूजा

देहरादून। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज के सानिध्य में पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर में नवरात्रों के दूसरे दिन मां भगवती के द्वितीय स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी देवी की पूजा अर्चना की गई।

पंडित आशीष उनियाल ने दुर्गा सप्तशती का पाठ करते हुए कहा कि मां भगवती की पूजा अर्चना से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। महिला कीर्तन मंडली ने चलो भक्तों चलो मां के द्वारे.., बड़ा प्यारा सजा है तेरा दरबार.., मां मुरादे पूरी करदे हलवा बाटूंगी..,मेला लगता है मैया का एक बार.. गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# जिलाधिकारी सोनिका ने प्राथमिक सर्वे का कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में किसाऊकारपोरेशन लि0 एवं बांध प्रभावित क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने जिला प्रशासन एवं यूजेवीएनएल के अधिकारियों को मैलोथ ड्डानू, मंझगांव ड्डानू, कोटा ड्डानू के ग्रामीणों के साथ बैठक कर प्राथमिक सर्वे का कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी के निर्देशों के ऋम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने बैठक आगे बढाते हुए कहा कि भ्रामक खबरों पर ध्यान न दिया जाए अभी प्राथमिक सर्वे का कार्य चल रहा है जिसमें पिलर लगाये जा रहे है, तथा सर्वे ऑफ इण्डिया के सन्दर्भ बिन्दु से नाप जोख चल रही है। ज्ञातव्य है कि किशाऊपरियोजना के सम्बन्ध में हो रहे प्राथमिक सर्वे कार्यों के दौरान मैलोथ ड्डानू, मंझगांव ड्डानू, कोटा ड्डानू के गांव के डूब जाने की भ्रामक खबरे चलाई जा रही है। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी भ्रामक खबरों पर विश्वास न करें, यूजेवीएनल एवं जिला प्रशासन के सक्षम अधिकारी दिए गए बयान पर ही विश्वास किया जाए। यूजेवीएनएल के अधिकारियों ने अवगत कराया कि बोर्ड द्वारा परियोजना के लिए भूमि चिन्हित करने के दौरान कृषि भूमि को अधिग्रहण से बचाये जाने के यथासम्भव प्रयास करने के निर्देश दिए गए है।अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने उप जिलाधिकारी चकराता एवं यूजेवीएनएल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों के साथ यथाशीघ्र बैठक करते हुए प्राथमिक सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया जाए तथा प्राथमिक सर्वे के उपरान्त ग्रामीणों द्वारा सुझाए जा रहे विकल्पों पर गंभीरता से विचार किया जाए। उन्होंने उपस्थित प्रतिनिधियों से ग्रामीणों के साथ बैठक कर भ्रामक खबरों एवं तथ्यों पर ध्यान न देने तथा किसी शंका के लिए जिला प्रशासन एवं सक्षम अधिकारी से ही सम्पर्क करने को कहा।


G20 | उत्तर रेलवे | आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा आमंत्रण सूचना

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रू.) | कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी राशि (रू0) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवम कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 27/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2022/पांचवी कॉल ओक ग्रोव स्कूल झड़ीपानी में विद्युत सुविधाओं के सुधार हेतु विद्युत कार्य। | 79,11,353.58 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | 1,58,200.00 | 4 (चार) माह | निविदायें दिनांक 14.04.2023 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद। |

निविदा सूचना सं0: 11/2023 दिनांक :– 23.03.2023 — 890/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## स्वीडन की संसद में नाटो में शामिल होने का प्रस्ताव पास

**स्टॉकहोम एजेंसी।** स्वीडन के सांसदों ने देश के नाटो में शामिल होने के पक्ष में भारी मतदान किया है। पक्ष में 269 और विरोध में 37 वोट पड़े।

तैंतालीस सांसद अनुपस्थित थे और देश की संसद (रिक्सडाग) में प्रतिनिधित्व करने वाले आठ दलों में से दो वाम दल और ग्रीन पार्टी ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया। नाटो के 30 सदस्यों में स्वीडन और फिनलैंड को शामिल करने में हंगरी और तुर्की रोड़ा बने हुए हैं।

साथ ही बुधवार को, वामपंथी पार्टी और ग्रीन पार्टी द्वारा शांति और युद्ध दोनों स्थिति में स्वीडन में परमाणु हथियारों को गैरकानूनी घोषित करने के प्रस्ताव को हरा दिया गया।

स्वीडन और फिनलैंड ने 2022 में नाटो में शामिल होने के लिए आवेदन दिया था, लेकिन तुर्की ने इस आधार पर आपत्ति जताई कि दोनों देश कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के सदस्यों को शरण देते हैं, जिन्हें तुर्की एक आतंकवादी समूह मानता है।

नाटो में कोई देश तभी शामिल हो सकता है जब इस गठबंधन के सभी सदस्य एकमत हों। 17 मार्च को, तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एदीगन ने फिनलैंड की नाटो सदस्यता बोली पर सहमति जताई लेकिन स्वीडन की बोली को टाल दिया।

## उत्तर कोरिया ने एक दिन में दागी चार क्रूज मिसाइलें

**सियोल एजेंसी।** दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री ली जोंग-सुप ने गुरुवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने पिछले दिन चार क्रूज मिसाइलें दागीं। सियोल के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा है कि उसने सुबह उत्तर पूर्वी शहर हमहंग से कई मिसाइलें लॉन्च करने का पता लगाया। राष्ट्रीय रक्षा पर नेशनल असेंबली की समिति के एक सत्र के दौरान मंत्री ने कहा, हमारा मानना है कि चार मिसाइल दागे गए। हमने प्रारंभिक विश्लेषण किया है, और दक्षिण कोरिया और अमेरिका इसकी जांच कर रहे हैं। इस पर टिप्पणी करते हुए कि क्या उत्तर कोरिया के पास परमाणु आयुध को सामरिक हथियारों पर लगाने की तकनीक है, ली ने कहा कि इस मामले में उत्तर कोरिया ने काफी प्रगति कर ली है।

## लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर सुरक्षा बढ़ी, भारत ने दिया झटका तो जागा ब्रिटेन

**लंदन, एजेंसी।** खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के विरोध में लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हुए हमले के बाद भारत ने ब्रिटेन की हेकड़ी निकाल दी है। बुधवार को लंदन में स्थित भारतीय उच्चायोग के बाहर पुलिसकर्मियों की तैनाती देखी गई। उच्चायोग के मेन गेट के बाहर बैरिकेडिंग लगा दिया गया। लंदन में भारतीय दूतावास के ऑफिस के बाहर बुधवार को भी प्रदर्शन और नारेबाजी देखने को मिली लेकिन पुलिस की बैरिकेडिंग और मौजूदगी की वजह से प्रदर्शनकारी गेट से दूर ही रहे। हालांकि, कुछ प्रदर्शन कारी खालिस्तानी नेता अमृतपाल सिंह के समर्थन में नारेबाजी करते देखे गए।

## 19 साल में पहली बार बीजिंग की आबादी घटी

**बीजिंग, एजेंसी।** एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 19 वर्षों में पहली बार, बीजिंग ने 2022 में अपनी जनसंख्या में गिरावट देखी। आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए, गुरुवार को कहा कि चीनी राजधानी की स्थायी निवासियों की आबादी 2021 में 21.88 मिलियन से गिरकर 2022 में 21.84 मिलियन हो गई। इस बीच, इसी अवधि में बीजिंग में प्रवासियों की संख्या में भी गिरावट आई है।

# अमित शाह ने किया वैदिक हेरिटेज पोर्टल लॉन्च

### भारतीय वैदिक ज्ञान परंपरा को सर्वसुलभ बनाने की दिशा में अहम कदम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने वैदिक हेरिटेज पोर्टल को लॉन्च किया। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र द्वारा संचालित इस पोर्टल पर वैदिक ज्ञान परंपरा के सभी आयामों को प्रस्तुत किया गया है।

अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार टेक्नोलॉजी के माध्यम से भारत के प्राचीन ग्रंथों और पांडुलिपियों के ज्ञान को भविष्य के लिए सुरक्षित रख रही है। इसके साथ ही उन्होंने भारत की 64 कलाओं पर आधारित वर्चुअल म्यूजियम 'कला वैभव' का भी लोकार्पण किया।

दरअसल संस्कृति मंत्रालय के तहत काम करने वाले इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र ने भारत की वैदिक ज्ञान परंपरा को सर्वसुलभ बनाने के लिए इस पोर्टल को तैयार किया है। अमित शाह ने कहा कि इसकी मदद से युवा पीढ़ी वेदों व उपनिषदों के ज्ञान व परंपरा को आगे बढ़ा सकेगी। इसके साथ ही यह शोधकर्ताओं को वैदिक ज्ञान परंपराओं को समझने में सहयोग करेगा और साथ ही जनसाधारण को प्राचीन ग्रंथों की सामान्य जानकारी भी उपलब्ध कराएगा।

अमित शाह ने कहा कि 64 कलाओं पर आधारित वर्चुअल म्यूजियम 'कला वैभव' भारत की वास्तुकला, चित्र, नाट्य, संगीत आदि समस्त कलाओं से पूरी दुनिया तक पहुंचाने का काम करेग और इससे विश्व को भारत की वैभवशाली संस्कृति का समृद्ध इतिहास जानने में सुविधा होगी।

## अब छतरी से मुंह छिपा भाग रहा अमृतपाल!

**चंडीगढ़, एजेंसी।** खालिस्तान समर्थक एवं 'वारिस पंजाब दे' संगठन का प्रमुख अमृतपाल सिंह पंजाब से भाग निकला है। पंजाब से निकलकर वह हरियाणा के शाहाबाद में एक महिला के घर पर रुका था। पंजाब और हरियाणा की पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में बलजीत कौर नाम की महिला को गिरफ्तार कर लिया है। पंजाब पुलिस के आईजी (मुख्यालय) सुखचैन सिंह गिल ने गुरुवार को चंडीगढ़ स्थित पंजाब पुलिस के मुख्यालय में प्रेसवार्ता में यह अहम जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अमृतपाल को लेकर सभी राज्यों को अलर्ट भेज दिया है। नए फोटो भी भेजे जा रहे हैं, ताकि आरोपी को काबू किया जा सके।पुलिस के मुताबिक जालंधर ग्रामीण पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां अमृतपाल का पीछा कर रही थीं। हालांकि वह लगातार वाहन बदल रहा था। इस दौरान वह गांव शेखुपुरा के पास स्थित गुरुद्वारा साहिब के बाहर से एक बाइक छीनकर अपने साथी पपलप्रीत के साथ आगे बढ़ा लेकिन आगे नदी पड़ती थी।

# विनियोग विधेयक और अनुदान मांग लोकसभा से पारित

### मंगलवार तक राज्यसभा से मंजूरी मिलने की संभावना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आगामी वित्त वर्ष 2023-24 में 45 लाख करोड़ के बजटीय खर्च के लिए अनुदान मांग और संबंधित विनियोग विधेयक 2023 को गुरुवार को बिना किसी चर्चा के लोक सभा ने पारित कर दिया। शाम छह बजे लोक सभा की कार्यवाही सुबह के स्थगन के बाद शुरू की गई और 15 मिनट से भी कम समय में कांग्रेस सदस्यों को शोर शराबे के बीच अनुदान मांग और विनियोग बिल को पारित करा लिया गया।

इस दौरान लोक सभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मौजूद थे। शुक्रवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त विधेयक राज्य सभा में पेश करेंगी और इसके बाद आम बजट पारित हो जाएगा। बजट सत्र के दूसरे चरण में शोर शराबे के कारण एक भी दिन कार्यवाही नहीं चल पाई है। ऐसे में बजट पारित कराने के लिए सरकार को गिलोटिन का रास्ता अपनाना पड़ा। यानी सभी मंत्रालयों की अनुदान मांगे एक साथ बिना चर्चा के ही पारित करा ली गई।

आगामी वित्त वर्ष के लिए 45,03,097 करोड़ रुपए के खर्च की मंजूरी दी गई। चालू वित्त वर्ष में बजटीय खर्च 41,87,232 करोड़ रहने का अनुमान है। माना जा रहा है कि शुक्रवार को राज्यसभा से अनुदान मांगे पारित कराई जाएंगी और सोमवार को वित्त विधेयक। फिलहाल सदन में जिस तरह घमासान है और सत्तापक्ष और विपक्ष में कोई भी नरमी दिखाने को तौयार नहीं है, ऐसे में मंगलवार को ही सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया जा सकता है।

चालू बजट सत्र में अदाणी मामले में संयुक्त समिति बनाने की विपक्ष की मांग और लंदन में दिए गए बयान पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी से माफी की सत्ता पक्ष की मांग को लेकर जारी हंगामे के बीच बजट पर चर्चा मुमकिन नहीं दिख रही है।

## वर्जीनिया सलाहकार बोर्ड में भारतीय-अमेरिकी नियुक्त

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** वर्जीनिया के गवर्नर ग्लेन यंगकिन ने भारतीय-अमेरिकी स्वास्थ्य पेशेवर श्रीलेखा पल्ले को वर्जीनिया एशियाई सलाहकार बोर्ड (वीएएबी) में नियुक्त किया है। अपनी नई भूमिका में, पल्ले गवर्नर को एशियन अमेरिकन एंड पैसिफिक आइलैंडर (वीएएबी) घटकों के सामने आने वाले मुद्दों पर सलाह और जानकारी देंगी, और समुदाय के हितों की वकालत करेंगी। वह गवर्नर को वाणिज्य, व्यापार, कला, शिक्षा और सामान्य सरकार के क्षेत्रों पर ध्यान देने के साथ राष्ट्रमंडल और एशियाई देशों के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को सुधारने के तरीकों पर भी सलाह देगी।

यंगकिन ने एक बयान में कहा,आज मैं श्रीलेखा पल्ले की नियुक्ति की घोषणा कर खुश हूं। मुझे विश्वास है कि उनकी मदद से हम वर्जीनिया की भावना को मजबूत करने और हमारे राष्ट्रमंडल के लिए महान चीजें हासिल करने में सक्षम होंगे हेल्थकेयर क्षेत्र में नेतृत्व की भूमिकाओं में 23 से अधिक वर्षों के अनुभव वालीं डॉक्टर पल्ले 2019 में सुली जिला पर्यवेक्षक के लिए फेयरफैक्स रिपब्लिकन उम्मीदवार थीं।

# अदालत का फैसला कानून सम्मत, सच्चाई स्वीकारें राहुल गांधी : राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मानहानि के मामले में राहुल गांधी को दो साल की सजा के अदालत के फैसले को कानून सम्मत बताते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी को सच्चाई स्वीकार करने और इससे सीख लेने की सलाह दी है। वहीं भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने काह कि राहुल गांधी को गाली देने की खुली छूट नहीं दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि देश में कानून का राज है और कानून राज ही चलेगा।

अदालत के फैसले के खिलाफ राहुल गांधी और कांग्रेस के हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल गांधी को इस सच्चाई को स्वीकार करना चाहिए कि शब्दों की चोट शस्त्रों की चोट से ज्यादा गहरी और पीड़ादायी होती है और यदि शब्द झूठ और अनर्गल हो तो चोट और कष्टदायी हो जाती है। उन्होंने कहा कि हमारी न्याय व्यवस्था में अनर्गल और झूठे आरोप लगाने के खिलाफ सजा का सीधा प्रावधान है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से हम सभी को शब्दों की मर्यादा बनाए रखने की सीख मिलती है।

वहीं रविशंकर प्रसाद ने फैसले के बाद सत्य और अहिंसा में विश्वास के राहुल गांधी के ट्वीट पर तीखा तंज कसा। उन्होंने कहा कि इससे लोगों को अपमानित करने का अधिकार नहीं मिल जाता है। यदि राहुल गांधी को लोगों को अपमानित करने का अधिकार है तो इससे आहत होने वाले लोगों को भी अदालत में जाने का अधिकार कानून देता है। उनके अनुसार इस मामले में भाजपा सांसद सुशील मोदी ने भी बिहार की अदालत में मानहानि का केस कर रखा है, जिसमें राहुल गांधी के वकीलों की बहस पूरी हो चुकी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस मामले में भी जल्द फैसला आएगा।

रविशंकर प्रसाद ने अदालत के फैसले पर सवाल उठाने पर कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भी आड़े हाथों लिया। मामले की सुनवाई करने वाले जज के बार-बार बदले जाने के खरगे के आरोप का जवाब देते हुए उन्होंने कहा क्या अब कांग्रेस अध्यक्ष को अदालत पर भी भरोसा नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि यह बयान सीधे तौर पर अदालत की अवमानना का गंभीर मामला है।

इसी तरह राफेल मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ बोलने पर राहुल गांधी अदालत से पहले भी माफी मांग चुके हैं।

रविशंकर प्रसाद ने कहा कि भाजपा आलोचना का सम्मान करती है। लेकिन राहुल गांधी आलोचना नहीं करते हैं, बल्कि देश का, लोकतंत्र का और जनता का अपमान करते हैं। इस सिलसिले में उन्होंने राहुल गांधी के लंदन में दिये बयानों को फिर से दोहराया।

# सीईसी की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश की जांच कर रही है केंद्र सरकार

### रिजिजू बोले- की जाएगी उचित कार्रवाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को राज्यसभा में बताया कि सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर शीर्ष अदालत के फैसले की जांच कर रही है और वह इस मामले में उचित कार्रवाई करेगी। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, "केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट द्वारा दो मार्च को दिए फैसले की जांच कर रही है और इस पर उचित कार्रवाई की जाएगी।"

कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने एक लिखित जवाब में कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने दो मार्च के फैसले में कहा था कि जब तक संसद इस मामले में कोई कानून नहीं बनाती है, तब तक के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति तीन सदस्यीय समिति द्वारा की जाएगी, जिसमें प्रधानमंत्री, भारत के मुख्य न्यायाधीश और लोकसभा में विपक्ष के नेता शामिल होंगे।

उन्होंने जोर देकर कहा कि चुनाव आयोग संविधान के अनुच्छेद 324 (1) के मुताबिक, एक स्थायी संवैधानिक निकाय है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324(2) के अनुसार, चुनाव आयोग में मुख्य निर्वाचन आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति समय-समय पर तय कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सीईसी और अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति संसद द्वारा इस संबंध में बनाए गए कानून के मुताबिक राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए भारत के संविधान के अनुच्छेद 324 (2) के तहत संसद द्वारा कोई कानून नहीं बनाया गया है। हालांकि, भारत सरकार (कार्य संचालन) नियम, 1961 के नियम आठ के मुताबिक, मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति की मंजूरी की आवश्यकता होती है।

## मणिपुर के मोइरांग में आया 3.8 की तीव्रता का भूकंप

**मणिपुर, एजेंसी।** मणिपुर के मोइरांग में गुरुवार शाम छह बजकर 51 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.8 मापी गई है। मंगलवार शाम राजधानी दिल्ली में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। जिसके बाद बुधवार शाम भी दिल्ली में 2.5 की तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। मंगलवार 21 मार्च को, दिल्ली सहित उत्तर भारत के बड़े हिस्से में एक मिनट से अधिक समय तक तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान का हिंदू कुश क्षेत्र था। इस दौरान तीव्रता 6.6 मापी गई थी। भूकंप के कारण पाकिस्तान और अफगानिस्तान में कुल मिलाकर लगभग 25 लोगों की मौत हुई और कुछ इमारतें क्षतिग्रस्त हुई। भारत में किसी भी तरह के जान या माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर के अलावा हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड में भी भूकंप के तेज झटके लगे।

### शरद पवार के आवास पर विपक्षी नेताओं की बैठक

# एक्ट को लेकर देश में शंका: दिग्विजय सिंह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी स्थित आवास पर विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक बुलाई। इस बैठक में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन मशीन के मुद्दे पर तमाम नेताओं ने अपनी बात रखी।

शरद पवार की अध्यक्षता में हुई बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह, राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल, वाम नेता डी राजा, समाजवादी पार्टी नेता रामगोपाल यादव, एनसीपी सांसद प्रभुल्ल पटेल, सुप्रिया सुले समेत कई नेता उपस्थित रहे।

दिग्विजय सिंह ने कहा कि रिमोट ईवीएम को लेकर चुनाव आयोग ने सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। उस समय लगभग सभी ने रिमोट एश्ट के माध्यम से चुनाव कराने पर असहमति जताई थी। वे डेमो देना चाहते थे, लेकिन वह भी ठुकरा दिया गया। एश्ट को लेकर देश में शंका है।

उन्होंने कहा कि यहां मौजूद सभी राजनीतिक दलों के बीच यह सहमति बनी है कि हमें चुनाव आयोग से सवाल पूछने की जरूरत है।

कपिल सिब्बल ने कहा कि जब भी ईवीएम में खराबी आती है, वोट भाजपा को जाता है। ये भ्रम सिर्फ राजनैतिक दलों को नहीं है, ये भ्रम जनता में फैल चुका है इसलिए हमने फैसला किया है कि हम चुनाव आयोग के पास जाएंगे और हमारे सवालों के लिखित में जवाब मांगेंगे।

उन्होंने कहा कि दुनिया की किसी भी मशीन के साथ छेड़छ-ड़ हो सकती है और कोई साइंस या कोई एक्सपर्ट यह नहीं कह सकता कि मशीन के साथ छेड़छाड़ नहीं होती। इसीलिए किसी भी लोकतांत्रिक देश में वोटिंग के लिए इलेक्ट्रॉनिक मशीन का इस्तेमाल नहीं होता।

उल्लेखनीय है कि विपक्षी नेताओं की इस बैठक से तृणमूल कांग्रेस ने दूरियां बनाई हैं। इस बैठक में टीएमसी का कोई भी नेता शामिल नहीं हुआ। दरअसल, बैठक ईवीएम की विश्वसनीयता मुद्दे पर बुलाई गई थी।

## अब इंडिगो फ्लाइट में हंगामा, नशे में धुत्त पैसेंजर्स ने क्रू-सहयात्रियों से की बदसलूकी

**नई दिल्लीए एजेंसी।** इंडिगो की दुबई से मुंबई आ रही एक फ्लाइट में नशे की हालत में दो यात्रियों ने केबिन क्रू और सहयात्रियों के साथ कथित तौर पर बदसलूकी की। इस मामले के सामने आने के बाद मुंबई में दोनों यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने कहा कि इस मामले में विमानन कंपनी इंडिगो की तरफ से ही शिकायत की गई थी, जिसके बाद एफआईआर दर्ज कर दोनों यात्रियों को अरेस्ट किया गया। हालांकि, यहां उन्हें एक अदालत से मामले में जमानत मिल गई।

पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपी कोल्हापुर और पालघर के नालासोपारा के रहने वाले हैं। वे खाड़ी देश में एक साल काम करने के बाद लौट रहे थे। अधिकारी ने बताया कि दोनों आरोपी देश लौटने की खुशी में शराब पी रहे थे। उनके नाम दत्तात्रेय बपरदेकर और जॉन जॉर्ज डिसूजा हैं। एक पुलिस अफसर ने कहा कि जब अन्य यात्रियों ने उनके हंगामा करने पर आपत्ति जताई, तो उन्होंने उन्हें तथा बीच-बचाव करने वाले चालक दल के सदस्यों से अपशब्द कहे। सहार थाने के अधिकारी ने बताया कि दोनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 336 (अन्य लोगों के जीवन व सुरक्षा को खतरे में डालना) और विमानन नियमों की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## बहुविवाह, निकाह हलाला पर सुनवाई के लिए बनेगी नयी पीठ

**नयी दिल्ली,एजेंसी** । सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह मुसलमानों में बहुविवाह और 'निकाह हलाला की प्रथा की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए 5 न्यायाधीशों की नयी संविधान पीठ का गठन 'सही समय पर करेगा। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ से वकील अश्विनी उपाध्याय ने मामले पर नई संविधान पीठ के गठन का अनुरोध किया है।उपाध्याय की ओर से दायर जनहित याचिका में कहा गया कि भारतीय दंड संहिता की धारा-494 बहुविवाह, हलाला आदि की अनुमति देती है और इसे खत्म किए जाने की जरूरत है।

## चीन का भारत-अमेरिका को झटका, अजय बंगा को वर्ल्ड बैंक चीफ बनाने में अटकाया रोड़ा

**नई दिल्ली , एजेंसी।** जाने-माने भारतीय-अमेरिकी उद्यमी अजय बंगा को विश्व बैंक का अध्यक्ष बनाने के लिए समर्थन देने पर चीन ने बुधवार को संदेह जताया है। उसने कहा है कि उसके लिए योग्यता के आधार पर अन्य संभावित उम्मीदवारों को समर्थन देने का विकल्प खुला है।

उधर, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने 63 साल के बंगा को विश्व बैंक के अध्यक्ष पद के लिए नामित किया है। अमेरिका से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, बंगा आज चीन आने वाले हैं। इस यात्रा के दौरान वह पीपल्स बैंक ऑफ चाइना के अधिकारियों से मिलेंगे और अपनी उम्मीदवारी के लिये चीन से समर्थन मांगेंगे।

यह पूछे जाने पर कि क्या चीन बंगा का समर्थन करेगा, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमने अमेरिका की तरफ से नामित उम्मीदवार पर गौर किया है लेकिन अन्य संभावित उम्मीदवारों के लिए भी हमारा विकल्प खुला है।

उन्होंने कहा कि विश्व बैंक दुनिया में सबसे प्रभावशाली बहुपक्षीय विकास संस्थान है और वैश्विक गरीबी में कमी और विकास के लिहाज से काफी महत्व रखता है। वेनबिन ने कहा कि विश्व बैंक के एक प्रमुख हिस्सेदार के रूप में चीन अध्यक्ष पद के लिये एक खुली, पारदर्शी और योग्यता-आधारित चयन प्रक्रिया को लेकर सभी पक्षों के साथ काम करने के लिये तैयार है। उन्होंने मीडिया से यह भी कहा कि उन्हें इस बारे में सक्षम प्राधिकरण से पूछना चाहिए। बाइडेन ने पिछले महीने घोषणा की थी कि अमेरिका बंगा को विश्व बैंक का नेतृत्व करने के लिए नामित कर रहा है।

अगर विश्व बैंक के निदेशक मंडल द्वारा बंगा की पुष्टि की जाती है, तो वह दो शीर्ष अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानोंः अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक में से किसी एक का प्रमुख बनने वाले पहले भारतीय-अमेरिकी और सिख-अमेरिकी होंगे।फिलहाल, बंगा जनरल अटलांटिक में उपाध्यक्ष पद पर कार्यरत हैं।

## विशाखापत्तनम में इमारत गिरने से तीन की मौत, पांच घायल

**विशाखापत्तनम एजेंसी,।** गुरुवार रात तीन मंजिला एक इमारत के गिर जाने से तीन लोगों की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, लगभग दो दशक पुरानी इमारत गुरुवार रात करीब 1.30 बजे ढह गई। घटना से कुछ ही घंटे पहले, इमारत के निवासियों ने मृतका अंजलि का जन्मदिन मनाया था।

इमारत गिरने के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पांच लोगों को मलबे से निकाला।

मृतकों की पहचान एस. दुर्गाप्रसाद (17), एस. अंजलि (10) और छोटू (27) के रूप में हुई है।बचाव अधिकारियों के मुताबिक हादसे के वक्त इमारत में आठ लोग मौजूद थे।

## सम्पादकीय

# धार्मिक आयोजनों में हादसे

उत्तराखंड में आयोजित होने वाली विश्व प्रसिद्ध चार धाम यात्रा अगले महीने से शुरू होने जा रही है और राज्य सरकार ने इसके सफलतापूर्वक आयोजन के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इधर चार धाम यात्रा की शुरुआत से चंद दिन पूर्व एक धार्मिक आयोजन में ऐसा हादसा हो गया जिसने भीड़ उमड़ने वाले आयोजनों की व्यवस्थाओं को लेकर सवाल खड़े कर दिए। नवरात्रि के अवसर पर उत्तराखंड के प्रसिद्ध सिद्ध पीठ पूर्णागिरि देवी में मेले का आयोजन किया जा रहा था जहां एक हादसे के बाद श्रद्धालुओं के मन में ना केवल दहशत पैदा हो गई बल्कि कुछ परिवारों के चिराग तक बुझ गए। दुखद हादसे में पूर्णागिरि मेले में बेकाबू वाहन ने श्रद्धालुओं को रौंद दिया। हादसे में दो सगी बहनों समेत पांच श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि दो मासूमों समेत आठ श्रद्धालु घायल हो गए। मृतकों में तीन महिलाएं और दो पुरुष थे। तीन लोगों की घटना स्थल पर, जबकि चौथे की इलाज के दौरान अस्पताल में और पांचवें श्रद्धालु की हायर सेंटर ले जाते वक्त रास्ते में मौत हुई। अगले महीने से उत्तराखंड की चार धाम यात्रा भी शुरू होने जा रही है। यात्रा को लेकर अभी से श्रद्धालुओं के पंजीकरण का जो आंकड़ा सामने आया है वह साफ बता रहा है कि इस वर्ष की चार धाम यात्रा में पुराने सभी रिकॉर्ड फीके पड़ जाएंगे। अब सवाल यह उठता है की देवभूमि में तमाम धार्मिक आयोजनों के बावजूद क्या भीड़ तंत्र को नियंत्रित करने के लिए हमारा सुरक्षा तंत्र काबिल बन पाया है या नहीं? आयोजन स्थलों पर भगदड़ मचना या फिर अनियंत्रित वाहनों का श्रद्धालुओं को कुचल देना कोई सामान्य घटना नहीं कही जा सकती। कहीं ना कहीं इसके पीछे स्थानीय व्यवस्थाएं दोषी हैं जो ऐसे अनदेखे खतरो का आकलन नहीं कर पाती। आखिर क्यों आयोजन स्थलों पर वाहनों का आवागमन नहीं रोका जाता। पूर्णागिरि मेला हादसा ऐसी अव्यवस्थाओं का ही एक परिणाम है जहां परिवहन व्यवस्था को यदि सुचारू रूप से संचालित करने का प्रयास किया जाता तो शायद यह दर्दनाक हादसा ना होता। प्राकृतिक आपदाओं की बात छोड़ दें तो इसके अलावा धार्मिक आयोजनों के दौरान सड़क दुर्घटनाएं कई जिंदगियों को समाप्त कर देती हैं। खासतौर से पहाड़ी मार्गों पर दुर्भाग्यवश कई ऐसी दुर्घटनाएं सामने आई है जिनमें दर्जनों की संख्या में श्रद्धालु काल का ग्रास बन गए। चार धाम यात्रा हो या फिर दूसरे बड़े धार्मिक आयोजन, स्थानीय प्रशासन को परिवहन व्यवस्थाओं को लेकर गंभीरता से रोडमैप तैयार करना चाहिए ताकि जान माल की हानि को रोका जा सके। विशेषतया पहाड़ी मार्गों पर दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए वाहन चालकों के अनुभव एवं वाहनों की फिटनेस तथा दूसरी सामान्य बातों को नजरअंदाज करना कई बार घातक सिद्ध हुआ है। किसी भी धार्मिक आयोजन के दौरान इस प्रकार की दर्दनाक घटनाएं बेहद आहत करती हैं और प्रभावित परिवारों के लिए एक कड़वा व दुखदाई अनुभव बन जाती है। सरकार को अगले महीने से शुरू होने वाली चार धाम यात्रा के दौरान खासतौर से परिवहन तंत्र के विषय में गंभीरता से सोचना होगा। यही नहीं उत्तराखंड के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में उमड़ने वाली भीड़ की सुरक्षा को लेकर भी मंथन करने की जरूरत है ताकि पूर्णागिरि मेला दुर्घटना जैसे हादसे भविष्य में घटित ना हो।

# टेक्सटाइल मेगा पार्क मेक इन इंडिया के तहत पूरी दुनिया के लिए भारतीय उत्पाद निर्माण की ओर एक बड़ा कदम

**पीयूष गोयल**

प्राचीन काल से चली आ रही भारतीय वस्त्रों की समृद्ध परंपरा, एक लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार है, जो देश को एक वैश्विक निवेश, विनिर्माण और निर्यात केंद्र बना देगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में सात पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क के निर्माण की घोषणा की है। ये मेगा टेक्सटाइल पार्क 4,445 करोड़ रुपये के परिव्यय से निर्मित किए जाएंगे। इस क्षेत्र की अवसंरचना के लिए, यह अब तक की सबसे बड़ी पहल होगी।

प्रधानमंत्री के 5एफ विजन (खेत से फाइबर से फैक्टरी से फैशन से विदेश तक) से प्रेरित होकर, पीएम मित्र पार्क योजना; आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल पहल को हासिल करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ये मेगा पार्क इस क्षेत्र को 2030 तक 250 बिलियन डॉलर के कारोबार और 100 बिलियन डॉलर के निर्यात के लक्ष्य को हासिल करने में मदद करेंगे।

मेगा टेक्सटाइल पार्क वस्त्र क्षेत्र में व्यापक बदलाव करेंगे और प्रत्येक स्थल पर विश्व स्तरीय सुविधाओं, अत्याधुनिक अवसंरचना और एकीकृत मूल्य श्रृंखला की मदद से वैश्विक चैंपियन तैयार करेंगे। निर्माण और विकास करने वाली एक प्रमुख कंपनी का चयन किया जाएगा, जो पीएम मित्र पार्क की डिजाइन, योजना, निर्माण, वित्तपोषण, संचालन और रख–रखाव के लिए जिम्मेदार होगी। यह उद्योग के लिए एक बड़ी छलांग है, क्योंकि मूल्य श्रृंखला वर्तमान में पूरे देश में बिखरी हुई है, जो श्रृंखला के प्रत्येक संपर्क–बिंदु पर लागत और विलंब में वृद्धि करती है।

भारतीय उद्योग विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन जायेंगे, क्योंकि पार्क उत्पादन बढ़ाने, लागत में कटौती करने, दक्षता में सुधार करने और उच्च गुणवत्ता वाले वस्त्रों व परिधानों की आपूर्ति में मदद करेंगे।

ये मेगा पार्क रोजगार के लगभग 20 लाख प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष अवसरों का सृजन करेंगे और अनुमानित 70,000 करोड़ रुपये के घरेलू और विदेशी निवेश को आकर्षित करेंगे। ये मेगा पार्क शून्य द्रव रिसाव, साझा अपशिष्ट शोधन संयंत्र, उत्सर्जन मुक्त नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग और वैश्विक सर्वोत्तम तौर–तरीकों को अपनाने के साथ, सतत विकास के शानदार उदाहरण होंगे। ये मेगा पार्क ऐसे उत्पादों के निर्माण करने के प्रधानमंत्री के आह्वान के अनुरूप हैं जिनमें कोई खामी न हो और पर्यावरण पर जिनका कोई दुष्प्रभाव न हो।

यह रेखांकित करना प्रासंगिक है कि सदियों से, भारतीय वस्त्रों ने वैश्विक पहचान बनाई है, लेकिन दुर्भाग्य से, पिछली सरकारों द्वारा इस क्षेत्र को काफी अनदेखा किया गया। यह प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता थी, जिसके तहत वस्त्र क्षेत्र के लिए पीएम मित्र योजना शुरू की गयी है। भारतीय अर्थव्यवस्था के मुख्य आधारों में से एक– वस्त्र क्षेत्र, भारतीय निर्यात का एक अहम हिस्सा है और इस क्षेत्र में साधारण किसानों से लेकर शहर के संपन्न निवासियों व व्यापार जगत के अग्रणी लोग तक शामिल हैं। वस्त्र क्षेत्र लाखों लोगों के लिए आजीविका का स्रोत है।



पीएम मित्र पार्क स्थापित करने के लिए 13 राज्यों से 18 प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। एक पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से सात मेगा पार्कों का चयन किया गया, जिन्हें पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय अवसंरचना मास्टरप्लान द्वारा मान्यता दी गयी थी। यह सहयोगी संघवाद का एक और उदाहरण है, क्योंकि केंद्र और संबंधित राज्य, दोनों ही विशेष प्रयोजन कंपनी (एसपीवी) के भागीदार होंगे, जो इन मेगा पार्कों की स्थापना और प्रबंधन करेगी।

इन पार्कों की स्थापना हेतु राज्य सरकारें कम से कम 1,000 एकड़ भूमि उपलब्ध करायेंगी। राज्य सरकारें उत्पादन प्रक्रिया के सुचारु संचालन एवं व्यापार करने में आसानी को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक अनुकूल व स्थिर नीतिगत व्यवस्था के साथ–साथ बिजली एवं पानी की आपूर्ति तथा कचरे के निपटारे की एक भरोसेमंद व्यवस्था तथा एकल खिड़की मंजूरी की एक कारगर सुविधा भी प्रदान करेंगी।

इन मेगा पार्कों में उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे एवं प्लग–एंड–प्ले सुविधाओं के साथ–साथ वस्त्र उद्योग के लिए आवश्यक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संबंधी सहायता भी उपलब्ध होंगी। ये पार्क एक ऐसा अनूठा मॉडल पेश करेंगे जहां केन्द्र और राज्य सरकारें निवेश बढ़ाने, नवाचार को प्रोत्साहित करने, रोजगार सृजित करने और वस्त्र के क्षेत्र में भारत को दुनिया में अग्रणी बनाने हेतु मिलकर काम करेंगी।

वस्त्र उद्योग ने सरकार की इस महत्वपूर्ण पहल के प्रति उत्साहवर्द्धक प्रतिक्रिया दी है। सरकार द्वारा यह पहल सभी हितधारकों के साथ व्यापक विचार–विमर्श के बाद शुरू की गई है। सीआईआई और फिक्की जैसे शीर्ष उद्योग संगठनों के साथ–साथ वस्त्र क्षेत्र से जुड़े प्रमुख उद्योग संघों ने पीएम मित्र मेगा पार्कों की स्थापना की घोषणा की सराहना की है।

उद्योग संगठनों ने यह उम्मीद व्यक्त की है कि अपेक्षाकृत कम लॉजिस्टिक्स लागत, आधुनिक बुनियादी ढांचा, वैश्विक स्तर पर व्यापार की संभावनाएं और केन्द्र एवं राज्य सरकारों की सहायक नीतियां भारतीय वस्त्र उद्योग को नई ऊंचाइयों पर ले जायेंगी और भारतीय व विदेशी उपभोक्ताओं को प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध करायेंगी।

वस्त्र मंत्रालय इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी करेगा। मंत्रालय प्रत्येक पार्क के एसपीवी को विकास हेतु पूंजीगत सहायता के रूप में ग्रीनफील्ड पार्कों के लिए 500 करोड़ रुपये और ब्राउनफील्ड पार्कों के लिए 200 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। इसके अलावा, वह कार्यान्वयन को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रत्येक पार्क में स्थित इकाइयों को 300 करोड़ रुपये तक की राशि प्रदान करेगा। यह कदम अतिरिक्त प्रोत्साहन देने हेतु अन्य सरकारी योजनाओं के साथ समन्वय की सुविधा भी प्रदान करेगा।

पीएम मित्र के प्रावधान वैसे मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर करने के लिए सरकार की विभिन्न पहल के साथ सामंजस्य बिठाते हैं, जो विकसित बाजारों में हमारे भारतीय वस्त्रों, परिधानों तथा कई अन्य क्षेत्रों के लिए व्यापार की संभावनाओं को बेहतर बनाते हैं। भारत पहले ही संयुक्त अरब अमीरात एवं ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर चुका है और कनाडा, ब्रिटेन एवं यूरोपीय संघ के साथ इस संबंध में बातचीत कर रहा है। इन प्रयासों से

**पीएम मित्र पार्क स्थापित करने के लिए 13 राज्यों से 18 प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। एक पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से सात मेगा पार्कों का चयन किया गया, जिन्हें पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय अवसंरचना मास्टरप्लान द्वारा मान्यता दी गयी थी। यह सहयोगी संघवाद का एक और उदाहरण है, क्योंकि केंद्र और संबंधित राज्य, दोनों ही विशेष प्रयोजन कंपनी (एसपीवी) के भागीदार होंगे, जो इन मेगा पार्कों की स्थापना और प्रबंधन करेगी। इन पार्कों की स्थापना हेतु राज्य सरकारें कम से कम 1,000 एकड़ भूमि उपलब्ध करायेंगी। राज्य सरकारें उत्पादन प्रक्रिया के सुचारु संचालन एवं व्यापार करने में आसानी को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक अनुकूल व स्थिर नीतिगत व्यवस्था के साथ–साथ बिजली एवं पानी की आपूर्ति तथा कचरे के निपटारे की एक भरोसेमंद व्यवस्था तथा एकल खिड़की मंजूरी की एक कारगर सुविधा भी प्रदान करेंगी।**

भारतीय वस्त्रों को लाभकारी विकसित बाजारों में अपनी पैठ मजबूत करने में मदद मिलेगी और वस्त्र एवं परिधान के वैश्विक व्यापार में देश की हिस्सेदारी में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

भारत की गिनती पहले ही दुनिया के सबसे बड़े वस्त्र एवं परिधान निर्यातक देशों में से एक के रूप में होती है। लेकिन अब जबकि देश 2047 तक प्रधानमंत्री मोदी के निर्णायक एवं दूरदर्शी नेतृत्व में एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है, अमृत काल में हमारी आकांक्षा दुनिया का सबसे बड़ा वस्त्र निर्यातक देश बनने की है। पीएम मित्र के जरिए हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

**(लेखक, केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा वस्त्र मंत्री और राज्यसभा में सदन के नेता हैं)**

# प्रचार राज का हश्र?



नीतीश कुमार की सरकार की 'सुशासन की छवि के अवशेष आज भी बिहार में मौजूद हैं। लेकिन इस 'सुशासनइ के 17–18 साल बाद आज बिहार में शिक्षा की क्या स्थिति है? देश में सबसे ज्यादा निरक्षरता दर वहीं क्यों है?

आधुनिक काल में धुआंधार प्रचार कर किसी की अच्छी या बुरी छवि बनाई जा सकती है। खास कर अगर कोई नेता समाज के अभिजात्य वर्ग की पसंद हो, तो उसकी हकीकत से विपरीत छवि का निर्माण भी किया जा सकता है। अध्ययनों को छोड़ भी दें, तो यह बात हम हालिया दशकों के अनुभव के आधार पर कह सकते हैं। जिन कुछ नेताओं की इस दौर में छवि का खूब निर्माण हुआ, उनमें एक बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं। उनकी सरकार की 'सुशासनइ की छवि के अवशेष आज भी बिहार में मौजूद हैं। लेकिन इस 'सुशासनइ के 17–18 साल बाद आज बिहार में शिक्षा की क्या स्थिति है?

लोकसभा में यह बताया गया है कि बिहार की साक्षरता दर देश में सबसे कम 61.8 प्रतिशत है। जबकि बताया यह जाता था कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सबसे ज्यादा ध्यान शिक्षा स्वास्थ्य एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र पर ही है। गौरतलब है कि नीतीश सरकार सचमुच शिक्षा पर बड़े बजट का आवंटन करती रही है। मसलन, वित्तीय वर्ष 2023–24 के बजट में शिक्षा पर 40,450 करोड़ की भारी–भरकम राशि का प्रावधान किया गया है। 2022–23 में यह राशि 39,191 करोड़ थीबिहार के अलावा छत्तीसगढ़ ही एक ऐसा राज्य है, जिसने शिक्षा के मद में बजट का सबसे अधिक हिस्सा आवंटित किया है। लेकिन साक्षरता के मामले में इन दोनों राज्यों का प्रदर्शन अच्छा नहीं है। अगर कोई प्रयास परिणाम ना दे, तो उस पर

**आधुनिक काल में धुआंधार प्रचार कर किसी की अच्छी या बुरी छवि बनाई जा सकती है। खास कर अगर कोई नेता समाज के अभिजात्य वर्ग की पसंद हो, तो उसकी हकीकत से विपरीत छवि का निर्माण भी किया जा सकता है। अध्ययनों को छोड़ भी दें, तो यह बात हम हालिया दशकों के अनुभव के आधार पर कह सकते हैं। जिन कुछ नेताओं की इस दौर में छवि का खूब निर्माण हुआ, उनमें एक बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं। उनकी सरकार की 'सुशासनइ की छवि के अवशेष आज भी बिहार में मौजूद हैं। लेकिन इस 'सुशासनइ के 17–18 साल बाद आज बिहार में शिक्षा की क्या स्थिति है?**

**लोकसभा में यह बताया गया है कि बिहार की साक्षरता दर देश में सबसे कम 61.8 प्रतिशत है। जबकि बताया यह जाता था कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सबसे ज्यादा ध्यान शिक्षा स्वास्थ्य एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र पर ही है।**

सवाल जरूर उठाए जाएंगे। इसलिए अब दोनों राज्य कठघरे में हैं। स्कूलों में बुनियादी जरूरतों का अभाव, प्रशिक्षित और योग्य शिक्षकों की कमी, बीच में स्कूल छोड़ देना, आर्थिक असमानता, लैंगिक भेदभाव और शिक्षा के प्रति जागरूक नहीं होना निरक्षरता के प्रमुख कारण होते हैं। जाहिर है, इन कारणों को दूर करने पर ध्यान नहीं दिया गया है इसलिए इस आलोचना में दम है कि बिहार में सरकार की दिलचस्पी केवल स्कूल बिल्डिंग आदि बनाने में रही है, ना कि शिक्षा का स्तर सुधारने में। वैसे एक जन हित याचिका की सुनवाई के दौरान हाल में पटना हाईकोर्ट को बताया गया था कि राज्य के स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की घोर कमी है।

# मुद्दा : झूठ के बाजार में सच की जीत

**अफवाह कितनी क्रूर और कुरूप होती है, इसका इल्म नीतीश कुमार को भी था और एमके स्टालिन को भी। यही वजह थी कि दोनों मुख्यमंत्रियों ने अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की छूट अपने अधिकारियों को दी। उन्हें मालूम था कि अगर तुरंत ऐसा न किया गया तो साजिश रचने वाले सफल हो जाएंगे। नीतीश कुमार की अपील के बाद स्टालिन ने नीतीश कुमार को आश्वस्त किया कि 'प्रवासी मजदूरों पर कथित हमले की अफवाह फैलाने वाले लोग भारत की अखंडता के खिलाफ काम कर रहे हैं। बिहार के सभी कामगार हमारे कामगार हैं, जो तमिलनाडु के विकास में मदद करते हैं। सोशल मीडिया पर झूठी तस्वीरें शेयर कर तनाव फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगीइ वहां के डीजीपी सी. शैलेंद्र बाबू ने भी दावा किया कि तमिलनाडु में बिहारी मजदूरों के साथ कोई हिंसा नहीं हुई है। दरअसल, अफवाह फैलाने का काम सिर्फ विश्व के बाकी मुल्कों में भी होता रहता है। 2000 में अमेरिका में अचानक ऐसे ई–मेल्स की बाढ़ आ गई जिनमें कहा जा रहा था कि खास तरह का केला खाने से आपकी चमड़ी फट जाएगी और आप मर जाएंगे। लोगों ने एक दूसरे को यह मेल भेजकर, अपने दोस्तों–रिश्तेदारों को आगाह करने को कहा। यह एकदम बकवास बात थी, जिसे सिरे से खारिज कर दिया जाना चाहिए था, मगर लोगों ने इस पर तुरंत यकीन कर लिया। इस मामले पर ई–मेल्स की ऐसी बाढ़ आ गई कि अमेरिकी स्वास्थ्य विभाग ने बाकायदा सफाई जारी की कि ऐसा कुछ नहीं है। मगर लोगों ने यकीन नहीं किया।**

**डॉ. भीम सिंह भवेश**

कहते हैं 'हकीकत को तलाश करना पड़ता है, अफवाहें तो घर बैठे आप तक पहुंच जाती हैं।

सोशल मीडिया पर पिछले दिनों बिहार एवं तमिलनाडु राज्य के बीच नफरत फैलाने वाला एक वीडियो इस कदर वायरल हुआ कि न केवल राज्यों के बीच वैमनस्यता बढ़ गई, बल्कि तमिलनाडु में काम कर रहे बिहार के कई मजदूरों के घरों में कोहराम मच गया। अच्छी बात यह रही कि दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने तत्परता और समझदारी के साथ मसले को संजीदगी के साथ संभाला। दोनों सूबों के मुख्यमंत्रियों की त्वरित कार्रवाई से हिंसा और विभेद की मंशा वालों को करारा जवाब मिला है।

गत 1 मार्च को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के जन्मदिन पर देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे नेताओं ने उन्हें बधाइयां दी थीं। अगले दिन तमिलनाडु में बिहारी मजदूरों के साथ मारपीट का वीडियो जारी हुआ और बिहार में हंगामा मच गया। सदन से सड़क तक चिल्ल–पों मच गई। हालात की गंभीरता को दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने समय रहते भांप लिया। अफवाह कितनी क्रूर और कुरूप होती है, इसका इल्म नीतीश कुमार को भी था और एमके स्टालिन को भी। यही वजह थी कि दोनों मुख्यमंत्रियों ने अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की छूट अपने अधिकारियों को दी। उन्हें मालूम था कि अगर तुरंत ऐसा न किया गया तो साजिश रचने वाले सफल हो जाएंगे। नीतीश कुमार की अपील के बाद स्टालिन ने नीतीश कुमार को आश्वस्त किया कि 'प्रवासी मजदूरों पर कथित हमले की अफवाह फैलाने वाले लोग भारत की अखंडता के खिलाफ काम कर रहे हैं। बिहार के सभी कामगार हमारे कामगार हैं, जो तमिलनाडु के विकास में मदद करते हैं। सोशल मीडिया पर झूठी तस्वीरें शेयर कर तनाव फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगीइ वहां के डीजीपी सी. शैलेंद्र बाबू ने भी दावा किया कि तमिलनाडु में बिहारी मजदूरों के साथ कोई हिंसा नहीं हुई है।

दरअसल, अफवाह फैलाने का काम सिर्फ विश्व के बाकी मुल्कों में भी होता रहता है। 2000 में अमेरिका में अचानक ऐसे ई–मेल्स की बाढ़ आ गई जिनमें कहा जा रहा था कि खास तरह का केला खाने से आपकी चमड़ी फट जाएगी और आप मर जाएंगे। लोगों ने एक दूसरे को यह मेल भेजकर, अपने दोस्तों–रिश्तेदारों को आगाह करने को कहा। यह एकदम बकवास बात थी, जिसे सिरे से खारिज कर दिया जाना चाहिए था, मगर लोगों ने इस पर तुरंत यकीन कर लिया। इस मामले पर ई–मेल्स की ऐसी बाढ़ आ गई कि अमेरिकी स्वास्थ्य विभाग ने बाकायदा सफाई जारी की कि ऐसा कुछ नहीं है। मगर लोगों ने यकीन नहीं किया। इमरजेंसी नंबरों पर कॉल आने लगी कि उन्होंने ऐसा केला खा लिया है, और अब उन्हें मदद की दरकार है। अफवाह ने इस कदर डर का माहौल बना दिया कि अमेरिकी फूड एंड ड्रग विभाग को बनाना हेल्पलाइन शुरू करनी पड़ी। हालात बमुश्किल काबू में आए। कुछ ऐसा ही झूठ का माहौल भारत में भी बनाया गया। कभी गणोश जी की मूर्ति के दूध पीने की तो कभी नमक खत्म होने की तो कभी किसी बीमारी के फैलने की। मनोवैज्ञानिक कहते हैं कि दिमाग के इस्तेमाल में हम अक्सर कंजूसी बरतते हैं। सोच–विचारकर किसी भी बात पर भरोसा करने की बजाय हम बहुत जल्द अटकलों पर यकीन कर लेते हैं। इसमें दिमाग पर जोर नहीं डालना पड़ता। इसके अलावा, हम कई बार गड़बड़ी सामने होते हुए भी उसको नोटिस नहीं कर पाते। तमिलनाडु में जिस तरीके से बारह बिहारी मजदूरों की हत्या और बिहारी मजदूरों के साथ बर्बरतापूर्व पिटाई के दृश्य प्रसारित किए गए वे इसी मानसिकता के साथ फैलाए गए कि लोग आसानी से इस पर यकीन कर लेंगे।


अफवाह को रोकने का सबसे अच्छा तरीका तथ्यों को जारी करना है। अस्पष्टता कम हो जाती है। दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इसी उद्देश्य और फामरूला के तहत सख्ती के साथ काम किया। अफवाह से निपटने का का एक ही तरीका है, और वह है सख्ती और समझदारी। स्टालिन और नीतीश से बाकी राज्यों और देश के नीति निर्माताओं को बहुत कुछ सीखने की जरूरत है।

निश्चित तौर पर देश की एकता एवं अखंडता पर जो खतरा रचा गया था, वह टल गया है। सोशल मीडिया की ताकत है तो उसमें कमियां भी कम नहीं हैं। बार–बार सोशल मीडिया को गहराई से जानने–समझने वाले विशेषज्ञों की तरफ से कहा गया है कि सोशल मीडिया खासकर फेसबुक और यूट्यूब में भ्रामक सामग्री डालने वालों की पहचान और उसके खिलाफ त्वरित कार्रवाई के लिए कानून बने। कानून हैं भी तो उनका ईमानदारी से पालन नहीं होता है।

खैर, अफवाहबाजों के साजिश और शरारत से भरे कंटेंट कंपनियों के पास हैं, और उनके आधार पर अब कोई भी अफवाहबाज बच नहीं पाएगा। सरकार को निश्चित तौर पर कार्रवाई को अंजाम तक पहुंचाना चाहिए।

# बिना जिम जाएं घर पर ही कर सकते हैं ये 10 लेग एक्सरसाइज, मिलेगी मजबूत और सुंदर टांगे

वजन कम करते हुए हमेशा फिट और हेल्दी रहना हर किसी को बहुत पसंद होता है। लेकिन इसके लिए सिर्फ मोटापे पर ही ध्यान दिया जाए यह सही नहीं हैं। आकर्षक और मजबूत शरीर के लिए जरूरी हैं कि आप अपने पैरों को भी मजबूत बनाए। अगर आपके पैर मज़बूत हैं, तो मीलों की दूरी भी आसानी से तय कर सकते हैं। वहीं पैरों का सही शेप आपके शरीर को आकर्षक बनाता हैं। इसके लिए आपको अपने वर्कआउट में कुछ लेग एक्सरसाइज को शामिल करने की जरूरत होती हैं। आज इस कड़ी में हम आपको कुछ ऐसी लेग एक्सरसाइज के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें करने के लिए आपको किसी प्रकार के उपकरण की या जिम जाने की भी जरूरत भी नहीं होगी। तो आइये जानते हैं इन लेग एक्सरसाइज के बारे में...



**जंप स्कावट्स** यह बहुत ही सिंपल और आसान एक्सरसाइज है लेकिन यह हमारी टांगों के लिए बहुत फायदेमंद है। हालांकि इस एक्सरसाइज को हमें थोड़ा तेजी से करना होगा। यह फंक्शनल कार्डियो एक्सरसाइज है। इसे करने से टांगों की शेप बहुत अच्छी हो जाती है। साथ ही इस एक्सरसाइज को रोजाना करने से हिप्स की शेप अच्छी होती है और ग्लूट्स में फर्क पड़ता है। इससे कोर भी टाइट होता है। इसे करने के लिए हमें सबसे पहले जंप करना होगा। फिर स्कावट्स करना होगा। ऐसा ही हमें लगातार करना होगा।

**वॉल स्क्वाट** नाम से ही जाहिर है कि ये एक्सरसाइज दीवार के सहारे की जाती है। इसको आपको आम स्क्वॉट की तरह को फॉलो करना होता है, बस बॉडी का पीछे वाला हिस्सा दीवार से चिपकाना होता है। ये एक्सरसाइज महिला और पुरुष दोनों ही कर सकते हैं। वॉल स्क्वाट पैरों के अलावा पूरे शरीर को स्ट्रांग बनाने में मदद करते हैं। अगर आप इस एक्सरसाइज की शुरुआत कर रहे हैं तो इसके 10 –15 सेट की लगाएं।

**ओपन टू क्लोज जंप स्क्वाट्स** ओपन टू क्लोज जंप स्कावट्स टू गाउंड टेचेस यह एक्सरसाइज टांगों को टोन करने के लिए बहुत अच्छी है। इसके लिए हमें गाउंड को टच करना होता है। आमतौर पर जंप स्कावट्स एक्सरसाइज का इस्तेमाल सेल्युलाइट को कम करने के लिए किया जाता है। इसे करते समय हम फंक्शनल ट्रेनिंग और कार्डियो भी करते हैं इसलिए इसे फंक्शनल कार्डियो कहा जाता है। इसमें हम स्कावट्स और जंप दोनों करते हैं। इससे हमारे सेल्युलाइट पर फर्क पड़ता है और टांगें टोन होती है। इसे करने के लिए आपको दो बार एक साथ स्कावट्स करना होगा। एक बार पैरों को जोड़कर फिर जंप करके पैरों को खोलकर स्कावट्स करें। ऐसा करते हुए आपको जमीन को छूना होगा।

# एक वर्ष के कार्यकाल में सरकार ने हासिल किए नए मुकाम : बहुगुणा

जयन्त प्रतिनिधि।रूद्रप्रयाग : राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बहुउद्देशीय क्रीड़ा हॉल अगस्त्यमुनि में एक साल नई मिसाल व जन सेवा थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने सूचना एवं लोक संपर्क विभाग उत्तराखंड द्वारा प्रकाशित पुस्तक एक साल नई मिसाल का विमोचन किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा धरातल पर कार्य करते हुए युवाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे पर्वतीय क्षेत्रों से हो रहे पलायन को भी रोका जा सके। मंत्री ने कहा कि हर व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार कार्य कर रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में सरकार ने एक वर्ष के कार्यकाल में कई नए मुकाम हासिल किए है। कई महत्वपूर्ण विकास योजनाएं संचालित करते हुए अंतिम छोर में रह रहे गरीब व्यक्तियों को योजनाओं से लाभान्वित करते हुए विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने चुनाव के दौरान जो घोषणाएं की थी उन घोषणाओं पर धरातल पर कार्य करते हुए पूर्ण किया जा रहा है, जिसमें अंत्योदय कार्ड धारकों को तीन मुफ्त गैस सिलेंडर, सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत क्षैतिक आरक्षण एवं राज्य आंदोलनकारियों को 10 प्रतिशत आरक्षण, देश का सख्त नकल विरोधी पहला कानून तथा



महिलाओं की आजीविका को बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में बाबा केदारनाथ में 2013 की आपदा से केदारनाथ को पुनः स्थापित करते हुए पुनर्निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, जिससे केदारनाथ को विश्व में एक नई पहचान मिल रही है। इसके साथ ही कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर कार्य किए जा रहे हैं, जिसमें रेल परियोजना, गौरीकुंड से केदारनाथ तक रोपवे निर्माण कार्य हो रहे हैं, जिससे कि केदारनाथ धाम में आने वाले तीर्थ यात्रियों को बाबा केदारनाथ के दर्शन करने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि पशुपालन, दुग्ध एवं मत्स्य के क्षेत्र में भी कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिससे कि किसानों को लाभान्वित किया गया। उन्होंने कहा कि जनपद में गोट वैली योजना का शुभारंभ किया जा रहा है। जिससे कि गरीब व्यक्तियों को इस योजना का लाभ उपलब्ध होगा। इसी के साथ दुग्ध के क्षेत्र में पशुपालकों को 6 से 9 रुपए तक दूध के दर में वृद्धि की गई है तथा पशुओं को भूसा उपलब्ध कराने के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी सरकार उपलब्ध करा रही है। गंगा गाय योजना के तहत 2, 3, 5 गाय का प्राविधान किया गया है।

कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि केदारनाथ यात्रा में घोड़े-खच्चरों के साथ किसी तरह से कोई पशु क्रूरता न हो इसके लिए पूरी व्यवस्था की गई है। यदि किसी के द्वारा पशु क्रूरता की जाती है तो उसके विरुद्ध एफआ-ईआर दर्ज कराई जाएगी। इसके साथ ही पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए 10-10 चिकित्सकों की व्यवस्था भी की गई है तथा यात्रा मार्ग में घोड़े-खच्चरों को पानी उपलब्ध हो सके इसके लिए 18 चरियों का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी 95 विकास खंडों को एंबुलेंस उपलब्ध कराने के लिए 35 एंबुलेंस की मांग की गई है जिसकी स्वीकृति उपलब्ध हो गई है, सभी विकास खंडों में एक-एक एंबुलेंस उपलब्ध कराई जाएगी जिससे कि पशुओं के उपचार में लाभ मिलेगा। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती अमरदेई शाह, केदारनाथ की विधायक श्रीमती शैला रानी रावत, रुद्रप्रयाग के विधायक भरत सिंह चौधरी, जिलाध्यक्ष भाजपा महावीर सिंह पंवार, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश उनियाल, वाचस्पति सेमवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष अगस्त्यमुनि अरुणा बेंजवाल, तिलवाड़ा संजू जगवाण, ब्लॉक प्रमुख अगस्त्यमुनि विजया देवी, नगर पंचायत अध्यक्ष ऊखीमठ विजय राणा, भाजपा महिला जिलाअध्यक्ष सविता भंडारी, नगर पंचायत अध्यक्ष केदारनाथ देवप्रकाश सेमवाल, सदस्य जिला पंचायत विनोद राणा, भारत भूषण भट्ट, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे, प्रभागीय वनाधिकारी अभिमन्यु, मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी, परियोजना निदेशक केके पंत, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, उप जिला अधिकारी रुद्रप्रयाग अपर्णा ढौंडियाल, ऊखीमठ जितेंद्र वर्मा आदि अधिकारियों सहित स्थानीय जन प्रतिनिधि, योजनाओं से पात्र लाभार्थी एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए आम जनमानस उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन किशन रावत द्वारा किया गया।

### पात्र लाभार्थियों को किया लाभान्वित

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 5 लोगों को चैक वितरित किए गए। ग्राम्य विकास विभाग द्वारा एनआरएलएम के तहत 12 स्वयं सहायता समूहों को चैक वितरित किए गए। बाल विकास विभाग द्वारा 12 महिलाओं को महालक्ष्मी किट वितरित की गईञ पर्यटन विभाग द्वारा 5 लोगों को होम स्टे योजना से लाभान्वित किया गया। उद्योग विभाग द्वारा 7 लोगों को मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से लाभान्वित किया गया। डेयरी विभाग द्वारा 5 पशुपालकों को अनुदान दिया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा 6 लोगों को दिव्यांग पेंशन योजना से लाभान्वित किया गया।

# नई टिहरी मेडिकल कॉलेज की स्थापना प्राथमिकता : किशोर

नई टिहरी : प्रदेश सरकार का एक साल पूरा होने पर टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने टिहरी विधानसभा के विकास के खाके को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि टिहरी लोकसभा के विधायकों की सीएम धामी के साथ बैठक अहम रही। हर तीसरे महीने यह बैठक होगी, जो एक नई नींव विकास के लिए रखेगी। भाजपा के जिला कार्यालय में विधायक पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बैठक में सीएम धामी के साथ टिहरी के विकास को लेकर चर्चा गई। कहा कि टिहरी के चंबा और जाखणीधार ब्लॉक में ग्रामीणों की कुल 517 किमी सड़क निर्माण की मांग है। जिसे आने वाले चार सालों में प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही टिहरी में मेडिकल कालेज की स्थापना प्राथमिकता है। जिसके लिए जिला अस्पताल को 280 बेड का बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा जा रहा है। कहा कि जिला अस्तपाल को पीपीपी मोड से हटाकर सरकारी स्तर पर चलाया जाएगा। इससे स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी। टिहरी में साढ़े तीन हजार रुपये की महायोजना से पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ाने का काम किया जा रहा है। पिकनिक स्पाट को ईको पार्क के रूप में डेवलप किया जाएगा। रोपवे निर्माण को कोटी से बौराड़ी तक व बौराड़ी से नई टिहरी तक लाने का काम किया जाएगा। रीह से स्त्रोत का शुद्ध पेयजल नई टिहरी लाने की योजना को लेकर एस्टीमेट तैयार करवाया जा रहा है। हाईड्रो इंजीनियरिंग कालेज को आईआईटी बनाने की ओर कदम बढ़ाए जा रहे हैं। प्रयास है कि आईआईटी के रूप में यहां पर क्लाईमेट चेंज व ग्लोबल वार्मिंग पर विशेषज्ञों की मदद से काम हो। चंबा में श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय और रानी चौरी में वानिक विश्वविद्यालय को पूरी तरह से स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है।

## सहस्त्रधारा रोड में वन भूमि पर कब्जा, विभाग ने रुकवाया काम

देहरादून। सहस्त्रधारा रोड स्थित आनंद विहार में बुधवार को कुछ प्रार्पटी डीलरों ने जंगल की जमीन कब्जाने के लिए वन विभाग के पिलर जेसीबी से तोड़ दिए। इसके अलावा वहां कुछ पेड़ भी काटे जा रहे थे। सूचना के बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर जाकर काम रुकवा दिया। जिस पर वहां दिन भर हंगामा चलता रहा। गुरुवार को वन विभाग की सर्वे टीम वहां जाकर जमीन का सर्वे करेगी। इसके बाद आगे का-र्रवाई की जाएगी। एसडीओ मसूरी डा. उदय गौड़ ने बताया कि दोपहर में शिव गिरधन निकुंज कालोनी सामाजिक कार्यकर्ता अनिल कक्कड़ ने उन्हें आनंद विहार में वन भूमि पर कब्जे की सूचना दी थी।

## स्वास्थ्य मंत्री ने किया महिला बेस अस्पताल के नव निर्मित भवन का लोकापर्ण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : स्वास्थ्य, शिक्षा, सहकारिता, संस्कृति एवं जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने गुरुवार को जनपद चमोली के अन्तर्गत महिला बेस अस्पताल सिमली के नवनिर्मित भवन का लोकापर्ण किया। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने रोजगार मेले के तहत 33 बहनों को ऑक्जिलरी नर्स मिडवाइफरी (एएनएम) के रूप में नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए।



स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सिमली महिला बेस अस्पताल में 70 स्वास्थ्य कर्मचारियों के पद स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें 24 चिकित्सक, 14 नर्स, लैब टेक्नीशियन व एक्स रे टेक्नीशियन सहित अन्य पद शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यहां जल्द ही 50 बेड का बच्चों का अस्पताल भी बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जोशीमठ में भी जल्द उप जिला चिकित्सालय की स्थापना एवं थराली में अस्पताल का उच्चीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक सुगमता से स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुंचाने के लिए गांवों में स्वास्थ्य चौपालों का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, थराली विधायक भूपाल राम टम्टा, नगर पालिका अध्यक्ष दमयन्ती रतूड़ी, जिला पंचायत सदस्य विनोद नेगी अन्य जनप्रतिनिधियों सहित मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव शर्मा, एएनएम, आशा कार्यकत्री मौजूद थे।

## एक नजर

### शहीद भगत सिंह के विचार आज भी प्रासंगिक

देहरादून। गांधी रोड पर शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, ट्रेड़ यूनियन से जुड़े लोगों ने शहीदों के सम्मान में उनके जीवन से जुड़े किस्से सुनाएं। कांग्रेस नेता सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि भगत सिंह भारत को आजाद होता नहीं देख पाए। उनका संघर्ष, उनका बलिदान, उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। सीपीआई के राज्य सचिव कामरेड़ समर भंडारी ने कहा कि जिन हालातों के खिलाफ उन्होंने संघर्ष किया वो हालात आज भी पैदा हो गए हैं। सांप्रदायिक ताकातें हावी हो रही हैं, जो कि सामाज को बांटकर अपने एजेंडे को चालू करना चाहती है।

हमें सांप्रदायिक ताकतों के विरुद्ध एकजुट होकर संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा।

ट्रेड़ यूनियन नेता कामरेड जगदीश कुकरेती ने कहा कि शहीद भगत सिंह का दिखाया रास्ता उनका त्याग और वीरता याद की जाएगी। जेडीएस नेता हरवीर कुशवा एडवोकेट ने शहीद भगत सिंह के जेल में लिखे उनके विचारों, कई पुस्तकों सहित शहीदों के लिखे कई साहित्यों को पढ़कर सुनाया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता परिवारों से जुड़े राकेश पंत, राकेश डोभाल, राज्य आंदोलनकारी दीपेन्द्र सकलानी, विजय शुक्ला, रमेश अग्रवाल, जसवंत सिंह जंगपांगी, विजय पावा आदि मौजूद रहे।

### नाइन फेमस क्लब, दून स्ट्राइकर और फरीदाबाद की जीत

देहरादून। विनय बिडलास मेमोरियल अखिल भारतीय बेसबॉल प्रतियोगिता में नाइन फेमस क्लब चंडीगढ़, दून स्ट्रा-इकर और फरीदाबाद की टीम ने जीत से आगाज किया। प्रतियोगिता में देश की शीर्ष आठ टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। परेड ग्राउंड में गुरुवार को प्रतियोगिता का पूर्व अंतरराष्ट्रीय वालीबॉल खिलाड़ी एवं भारत क्रीड़ा संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार सूद ने शुभारंभ किया।

# दून अस्पताल से हटाए कर्मचारियों का धरना रहा जारी

देहरादून। दून अस्पताल से हटाए गए 278 कर्मचारियों का धरना अस्पताल गेट पर जारी है। गुरुवार को उन्होंने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। कहा कि जल्द उनका समायोजन या सेवा विस्तार नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। उधर, स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कर्मचारियों को रिक्त पदों के सापेक्ष भर्ती करने का आश्वासन दिया है। शासन में गुरुवार शाम को इस संबंध में बैठक भी होनी है। स्टेट फ्रंटलाइन हेल्थ केयर वर्कर यूनियन के अध्यक्ष संजय कोरंगा ने कहा कि जब तक सरकार द्वारा रिक्त पदों पर सीधी भर्ती नहीं की जाती है तब तक समस्त कर्मचारियों को उन्हें पदों पर सेवा विस्तार दिया जाए। भविष्य में अगर सरकार द्वारा रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की जाती है तो



कोविड कर्मचारियों को 15 फीसदी छूट दी जाए। सरकार द्वारा जिन पदों पर सीधी भर्ती नहीं की जाती है उन्हें निरंतर सेवा विस्तार दिया जाए। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष आकाश रावत, प्रदेश सचिव यशवर्धन, प्रदेश मंत्री सौरभ मनोड़ी, जिला मंत्री आकाश गुनसोला आदि मौजूद रहे।

**नोटिस पर प्रबंधन और हटाए कर्मियों ने टकराव**

दून अस्पताल प्रबंधन द्वारा हटाए कर्मचारियों को अस्पताल का गेट खाली करने को नोटिस दिया गया है।

## एसजीआरआर में योग सेमिनार का आयोजन

देहरादून। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत 100 दिन 100 शहरों में योग के तहत एसजीआरआर विवि में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों विद्यार्थियों और शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। आयुष मंत्रालय एवं भारत सरकार एवं मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान की ओर से संयुक्त रूप से ये आयोजन हुआ। इस दौरान कुलाधिपति श्रीमहंत देवेंद्र दास ने छात्रों को शुभकामना संदेश के जरिए कार्यक्रम की सफलता की कामना की।

कार्यक्रम की शुरूआत कुलपति डा. यूएस रावत व मुख्य वक्ताओं ने दीप जलाकर की। इसके उपरांत गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

## बेस्ट टूरिज्म विलेज प्रतियोगिता के लिए आवेदन मांगे

देहरादून। देश में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने को केंद्र सरकार बेस्ट टूरिज्म विलेज का चयन करेगी। इसके लिए केंद्र ने बेस्ट टूरिज्म विलेज प्रतियोगिता के लिए आवेदन मांगे हैं। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की ओर से सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण पर्यटक स्थलों को चिन्हित करने को राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता की शुरुआत की है। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि भारत सरकार की यह महत्वाकांक्षी पहल ग्रामीण भारत को एक नई दशा और दिशा प्रदान करने में सहायक होगी।

देश के अनछुए पर्यटन स्थलों को विकसित करने की दिशा में यह पहल एक बहुत बड़ा कदम साबित होगी। इससे कई बेहतरीन ग्रामीण पर्यटक स्थल मुख्य धारा में आ सकेंगे। हमारा लक्ष्य इन्हें चिन्हित करने के साथ ही इनका विकास कर देशव्यापी पर्यटन क्षेत्र में मॉडल गाँव बना कर उभारना है। इस पहल से न सिर्फ ग्रामीण भारत मजबूत होगा, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था बढ़ेगी। स्थानीय निवासियों के लिए स्वरोजगार के रास्ते खुलेंगे।

कहा कि सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गाँव केंद्र की ओर से आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक अनोखी पहल है। राज्य की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे ने कहा कि यह प्रतियोगिता राज्य के गांवों में प्रतिस्पर्धा की भावना को जागृत करेगी।

जो ग्रामीण विकास, आपसी सहयोग की भावना को आगे बढ़ाएगी।




## राहुल गांधी की पेशी के खिलाफ दून में कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

देहरादून। सूरत की कोर्ट में राहुल गांधी की पेशी के खिलाफ गुरुवार को कांग्रेस वर्कर ने देहरादून में जमकर प्रदर्शन किया। पूर्व सीएम हरीश रावत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश प्रीतम सिंह के नेतृत्व में घंटाघर पर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस जनों को पुलिस ने हिरासत में लिया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार विपक्ष की आवाज दबा रही है। इसके साथ ही विधायक ममता राकेश, वीरेन्द्र कुमार, विक्रम नेगी, अनुपमा रावत, राजेंद्र भंडारी आदि ने गिरफ्तारी दी।

# आध्यात्मिक–सामाजिक कार्यो के लिए 12 महिलाओं का सम्मान

देहरादून। सोसायटी फॉर अवेयरनेस ऑफ वूमेन एडवोकेसी एंड लिटरेसी (सवाल) सामाजिक संस्था ने नगर निगम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने 12 महिलाओं को सम्मानित किया।

सम्मानित होने वालों में प्रोफेसर शशिप्रभा, दिव्या नेगी, जल संस्थान की मुख्य महाप्रबंधक नीलिमा गर्ग, डॉ राखी उपाध्याय, साहित्यकार वीना बेंजवाल, डॉ विदुषी ज्याला जैन, जिला क्रीड़ा अधिकारी शबाली गुरूंग, संगीता आनंद पुंडीर, सरिता जुयाल आदि शामिल थे।




# पहले नई जगह बसाएं फिर करें ध्वस्तीकरण : व्यापारी

देहरादून। आढ़त बाजार में ध्वस्तीकरण की भ्रामक जानकारी फैलाने पर व्यापारियों में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई। व्यापारियों ने बैठक कर कहा कि पहले उन्हें जमीन देकर नई जगह बसाया जाए, इसके बाद ही पुरानी जगह पर किसी भी तरह की कार्यवाही अमल में लाई जाए। जिला प्रशासन और मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) आढ़त बाजार को पटेलनगर देहर-ाखास में शिफ्ट करने योजना पर काम कर रहे हैं। आढ़त बाजार में सड़क चौड़ीकरण के लिए सर्वे का काम भी पूरा हो चुका है। आढ़त बाजार को शिफ्ट करने का उद्देश्य यहां रोजाना लगने वाले जाम से निजात दिलाना है। एमडीडीए, लोनिवि और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने सर्वे कर 356 दुकानें चिह्नित की हैं। इनमें आढ़त बाजार के थोक कारोबारियों के अलावा होटल, रेस्टोरेंट, मैकेनिक वर्कशाप, ढाबे समेत अन्य दुकानें शामिल हैं।

शिवाजी धर्मशाला प्रांगण में आढ़त बाजार को शिफ्ट किए जाने को लेकर व्यापार संघ कार्यकारिणी की बैठक हुई। द होलसेल डीलर्स एसोसिएशन आढ़त बाजार के महासचिव विनोद गोयल ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से कई निर्णय लिए गए। उन्होंने कहा कि एमडीडीए प्रस्तावित जमीन के संदर्भ में पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराए। बैठक में अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गोयल, उपाध्यक्ष शेखर भाटिया, अजय गुप्ता, जगदीश प्रसाद, मनोज गोयल, नरेंद्र सिंगल, संदीप गोयल, लविश कुमार, अवकेश गोयल आदि उपस्थित थे। आढ़त बाजार की शिफ्टिंग को लेकर मंगलवार को प्रशासन के साथ बैठक आयोजित होनी थी, जो किसी कारण से नहीं हो पाई।

बैठक के अहम बिंदु–

–देहरादून का समस्त थोक व्यापार जो खाद्यान्न से संबंधित है, वह एक स्थान पर शिफ्ट किया जाए।

–खाद्यान्न से जुड़े थोक व्यापारियों को उनकी जरूरत के हिसाब से विभिन्न श्रेणियां में भूमि दी जाए।

–प्रस्तावित अनाज मंडी स्थल पर शीघ्र ही व्यापारियों की सहमति लेकर निर्माण कार्य शुरू किया जाए।

–नई जगह शिफ्टिंग की प्रक्रिया के बाद पुराने आढत बाजार क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण कार्य किया जाए।

–प्रस्तावित भूमि का लागत मूल्य बताया जाए, ताकि व्यापारी रजिस्ट्री को लोन की व्यवस्था कर सकें।

## स्वयं सेवियों को दी कौशल विकास की जानकारी

चमोली : जिलासू में आयोजित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनएसएस के विशेष शिविरि के दूसरे दिन स्वयंसेवियों ने प्राणायाम और योग किया। जिसके बाद स्वयंसेवकों द्वारा गोद लिए गए गांव में मंदिर परिसर तथा उसके आसपास और पंचायती भवन की साफ–सफाई की। वहीं बौद्धिक सत्र में महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के प्रभारी डॉ. हरीश चंद्र रतूड़ी ने स्वयंसेवी छात्र–छात्राओं को कौशल विकास से संबंधित जानकारी दी।

## सहस्त्रधारा रोड की डिफेंस अकादमी में बाल आयोग का निरीक्षण किया

देहरादून। बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने जोश डिफेंस अकादमी सहस्त्रधारा रोड में औचक निरीक्षण कर कई खामियां पाई हैं। उक्त अकादमी संचालक को मय दस्तावेज के आयोग में तलब किया गया है। बाल आयोग अध्यक्ष डॉ.गीता खन्ना के निर्देश पर आयोग सदस्य विनोद कपरवाण के नेतृत्व में एक टीम ने सहस्त्रधारा रोड स्थित जोश डिफेंस अकादमी का औचक निरीक्षण किया। आयोग की टीम ने पाया कि जोश डिफेंस अकादमी का अपना निजी भवन नहीं था, किराए के भवन में अकादमी का संचालन किया जा रहा था। जिसका लीज डीड प्रस्तुत नहीं किया गया। अग्निशमन की एनओसी नहीं दिखाई गई। अकादमी में दो सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, जिसका लिंक मोबाइल पर है। निरीक्षण के दौरान फीस से सम्बंधित कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए। एनडीएस प्रशिक्षण से सम्बंधित कोई सक्षम शिक्षक नहीं था, शिक्षकों से सम्बंधित दस्तावेज नहीं दिए गए,

# महिला विश्व चैंपियनशिप में भारत के चार पदक पक्के

नयी दिल्ली , निखत ज़रीन, लवलीना बोरगोहेन, नीतू घंघास और स्वीटी बूरा की दमदार चौकड़ी ने महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने–अपने चर्टरफाइनल मुकाबले जीतकर भारत के लिये चार पदक सुनिश्चित कर लिये।

इंदिरा गांधी स्टेडियम पर जारी प्रतियोगिता में लवलीना (75 किग्रा) ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए पिछले साल की कांस्य पदक विजेता मोजांबिक की रेडी ग्रामाने को 5–0 से हराया। निखत ने 50 किग्रा वर्ग के चर्टरफाइनल में थाईलैंड की छूतामत रक्षत को 5–2 से मात दी। नीतू ने 48 किग्रा वर्ग में जापान की मदोका वाडा को आरएससी (रेफरी द्वारा मैच को रोका जाना) पद्धति से हराया, जबकि स्वीटी (81+ किग्रा) ने बेलारूस की विक्टोरिया केबिकावा को 5–0 की करारी शिकस्त दी।




दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता रक्षत ने उत्तम दर्जे का खेल दिखाते हुए निखत को कड़ी टक्कर दी। गत विश्व चैंपियन निखत इस गलाकाट प्रतियोगिता में अपनी बेहतर तकनीकी क्षमता से जीत हासिल करने में कामयाब रहीं।

निखत ने जीत के बाद कहा, हां, आज का मुकाबला तनावपूर्ण था लेकिन मैं विभाजित निर्णय से जीती इसलिए मैं खुश हूं कि मैंने अपने देश के लिए पदक हासिल किया। आगे चलकर मैं स्वर्ण पदक भी जीतूंगा।

उन्होंने कहा, मेरी रणनीति आज पहले दो राउंड में जीतने की थी। मैंने दो राउंड 3:2 से जीते इसलिए अंतिम राउंड में मैंने दूर से खेलने का लक्ष्य रखा। अब तक मैंने जितनी भी बाउट खेली हैं, उनमें मुझे मुश्किल प्रतिद्वंदी मिले लेकिन मेरे लिये आगे बढ़ते रहना और उन्हें हराना एक अच्छा अनुभव रहा है। उम्मीद है कि मैं इसी तरह आगे बढ़ती रहूंगी और अपने देश के लिये लड़ूंगी।

निखत को जहां जीत हासिल करने के लिये कड़ा संघर्ष करना पड़ा, वहीं लवलीना, नीतू और स्वीटी ने एकतरफा मुकाबले जीतकर कांस्य पदक पक्के कर लिये।

लवलीना ने अपनी जीत पर कहा, कोचों ने मुझे बताया था कि आज कैसे खेलना है और उनकी योजना कारगर साबित हुई। मैं इस भार वर्ग में सहज महसूस करती हूं और प्रतियोगिताओं में अपने प्रदर्शन के साथ मैंने इसे अच्छी तरह से अपनाया है। आज का पदक मेरे लिये बहुत महत्वपूर्ण है लेकिन मैं कांस्य पदक से संतोष नहीं करना चाहती क्योंकि यह आगामी एशियाई खेलों के लिये भी महत्वपूर्ण होने जा रहा है।

ओलंपिक पदक विजेता लवलीना अब सेमीफाइनल में 2018 विश्व चैंपियन और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता चीन की ली कियान के खिलाफ रिंग में उतरेंगी। नीतू का सामना मौजूदा एशियाई चैंपियन कजाकिस्तान की अलुआ बाल्किबेकोवा से होगा।

नीतू ने मदोका को हराने के बाद कहा, अभी तक जो भी मुकाबले हुए हैं उनमें मैं अच्छी तरह तकनीक का इस्तेमाल कर सकी हूं। मैंने तीनों मैच आरएससी से जीते हैं। अगले मुक्केबाज पर इससे दबाव बनेगा और मुझे फायदा होगा।

उन्होंने कहा, हमारी पूरी टीम स्वर्ण पदक का लक्ष्य लेकर आयी है। हम अपना 100 प्रतिशत देकर स्वर्ण लेकर जायेंगे। पिछली बार मैं स्वर्ण से चूक गयी थी लेकिन इस बार मैं बेहतर तैयारी करके आयी हूं। भारत में घरेलू दर्शक होने से भी फायदा है इसलिये मैं स्वर्ण को हाथ से नहीं जाने दूंगी।

स्वीटी ने कहा, बेलारूस की मुक्केबाज़ (विक्टोरिया) एक विश्व पदक के साथ एक बहुत अच्छी मुक्केबाज़ है और अपरकट सहित हमारी दोनों ताकतें समान हैं। मुझे पता था कि मुझे अंत तक लडऩा होगा। मैं आखिरी राउंड तक थोड़ा थक गयी थी लेकिन मेरे कोच रिंगसाइड से लगातार प्रेरित कर रहे थे। दर्शकों में मेरा परिवार भी था जिनमें से सभी को मुझसे बहुत उम्मीदें थीं। मेरी अगली बाउट निश्चित रूप से इससे बेहतर होगी क्योंकि मैं जितने मैच खेलती हूं उससे हमेशा बेहतर होती जाती हूं।

इस बीच, दो बार की विश्व चैंपियन साक्षी चौधरी (52 किग्रा), 2022 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मनीषा मौन (57 किग्रा), जैस्मिन लम्बोरिया (60 किग्रा) और नूपुर श्योराण (+81 किग्रा) अच्छा प्रयास करने के बावजूद क्वार्टर फाइनल में हार गईं।

# इकाना में पसीना बहा रही है लखनऊ सुपरजाइंट्स



लखनऊ,। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने के इरादे से लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाड़ी अपने घरेलू मैदान अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में जम कर अभ्यास कर रहे हैं।

मुख्य कोच एंडी फ्लावर,सहायक कोच विजय दहिया और फील्डिंग कोच जोंटी रोड्स के साथ टीम के खिलाडिय़ों ने निर्धारित अभ्यास सत्र में फिटनेस के साथ बैटिंग, बॉलिंग व फील्डिंग का अभ्यास किया। सबसे पहले मनन वोहरा व आयुष बडोनी ने बैटिंग का अभ्यास किया। दोनों ही बल्लेबाजों ने जमकर चौके छक्के लगाए और 30 बार से ज्यादा गेंद को बाउंड्री लाइन के बाहर भेजा।इस पर कोच ने उनकी हौसलाफजाई की। इसके बाद स्वप्निल व क्रुणाल पांड्या ने भी बैटिंग का अभ्यास किया और जमकर छक्के लगाए। प्रेरक मांकड़, दीपक हुडा समेत अन्य बैट्समैन ने भी अपनी प्रतिभा से मन मोह लिया। वहीं कुणाल पांड्या, आवेश खान, युद्धवीर सिंह, यश ठाकुर, रवि आदि ने बेहतरीन गेंदबाजी का अभ्यास किया। जोंटी रोड्स ने नेट पर दीपक हुडा को प्रशिक्षण दिया तो मैदान पर क्रुणाल पांड्या को अभ्यास कराया।लखनऊसुपरजाइंट्स अपना पहला मैच एक अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के विरुद्ध खेलेगी।

# राष्ट्रीय सबजूनियर ताइचण्डो चैंपियनशिप के लिये यूपी टीम घोषित



लखनऊ,। ओडिशा के कटक में होने वाली आगामी 36वीं राष्ट्रीय सबजूनियर और 11वीं पूमसे राष्ट्रीय सबजूनियर ताइचण्डो चैंपियनशिप के लिए उत्तर प्रदेश की टीम की घोषणा की गयी। उत्तर प्रदेश ताइचण्डो संघ के सचिव राजकुमार ने बताया कि 36वीं राष्ट्रीय सबजूनियर और 11वी पूमसे राष्ट्रीय सबजूनियर ताइचण्डो प्रतियोगिता आगामी 25 से 27 मार्च तक कटक (ओडिशा) के जेएन इंडोर स्टेडियम में होगी। उत्तर प्रदेश सबजूनियर ताइचण्डो टीम गुरुवार 23 मार्च को कानपुर सेंट्रल स्टेशन से कटक के लिए रवाना होगी।

**सबजूनियर ताइचण्डो टीम इस प्रकार है:**

बालक वर्ग : जैन अली, लक्ष्य मिश्रा, विराट, लक्ष्य कुमार सिंह, वैभव, आरव, मनोज, आर्यन, सम्भव, प्रखर, विनित, कुलदीप, शाश्वत, रुद्रांश।

बालिका वर्ग : यशस्वी, अक्षिता, दिशू, अद्रिका, अर्पिता, वेदिका, मानसविनी, निकिता, सूफिया, रिजू, सौम्या, वैष्णवी, वैष्णवी चन्द्रा, नव्या सिंह।

**पूमसे टीम**

बालक : रुस्तम, लक्ष्य, सूर्यांशु, वैभव, आकृति, वानी, आर्या

बालिका : सुहानी, नाइसा

कोच : मयंक भारती, विशाल मिश्रा, प्रिया मौर्या, पूजा, मैनेजर : वीरेंद्र भारती, चन्द्रभान, संदीप सिंह

## ओज़िल ने फुटबॉल को अलविदा कहा

इस्तांबुल । जर्मनी की विश्व कप जीतने वाली टीम के मिडफील्डर मेसुत ओजिल ने 34 साल की उम्र में फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की।ओजिल ने इंस्टाग्राम पर जारी बयान में कहा, मुझे लगभग 17 वर्षों से एक पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी होने का सौभाग्य मिला है और मैं इस अवसर के लिये अविश्वसनीय रूप से आभारी हूं। हाल के दिनों में, मुझे कुछ चोटें लगी हैं, जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि अब फुटबॉल के बड़े मंच को छोडऩे का समय आ गया है।


रियल मैड्रिड, आर्सेनल और जर्मनी के लिये खेलने वाले ओज़िल ने अपने करियर के 645 मैचों में कुल 114 गोल और 222 असिस्ट किये।उन्होंने कहा, यह अविस्मरणीय पलों और भावनाओं से भरी एक अद्भुत यात्रा रही है। मैं अपने क्लब इस्तांबुल शाल्के 04, वेर्डर ब्रेमेन, रियल मैड्रिड, आर्सेनल एफसी, फेनरबाश, बासकसीर, साथ ही सभी टीम के साथी और कोचों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मुझे समर्थन दिया।

# मुंबई इंडियंस ने अमेरिकी टी20 लीग में टीम खरीदी

मुंबई ,। मुंबई इंडियंस ने अमेरिका में इस साल से होने वाले टी20 टूर्नामेंट द्यमेजर लीगद्य में न्यूयॉर्क फ्रेंचाइजी के मालिकाना अधिकार हासिल किये हैं।

एमआई ने विज्ञप्ति में बताया कि फ्रेंचाइजी का नाम द्यन्यूयॉर्क एमआईद्य रखा गया है। छह टीमों के इस टूर्नामेंट में एमआई के अलावा कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर), दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) भी हिस्सा ले रही हैं।

केकेआर ने लॉस एंजिलिस, सीएसके ने डालास और कैपिटल्स ने सिएटल ओरकास की टीमों के मालिकाना अधिकार हासिल किये हैं। टी20 लीग में दो अन्य टीमें वाशिंगटन डीसी और सैन फ्रांसिस्को की होंगी।




इस खरीद के साथ एमआई के पास चार देशों में कुल पांच टी20 टीमें हो गयी हैं। फ्रेंचाइजी के पास इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में मुंबई इंडियंस, साउथ अफ्रीका टी20 लीग में एमआई केपटाउन और दुबई टी20 लीग में एमआई अमीरात के मालिकाना अधिकार हैं।

मेजर लीग में न्यूयॉर्क की टीम को खरीदने पर नीता अंबानी ने कहा, हम अपनी नयी टीम का स्वागत करने के लिये रोमांचित हैं। अमेरिका में पहली क्रिकेट लीग में प्रवेश के साथ ही, एमआई परिवार लगातार बढ़ रहा है। हम मुंबई इंडियंस को निडर और मनोरंजक क्रिकेट के वैश्विक ब्रांड के तौर पर स्थापित करने में सक्षम होने की आशा करते हैं।

यह एमआई के लिये एक और नयी शुरुआत है। हम आगे के रोमांचक सफर का इंतजार कर रहे हैं।

# फिल्मी सफर

# सैम बहादुर की शूटिंग पूरी होने पर विक्की कौशल ने जताया आभार

अभिनेता विक्की कौशल ने अलग–अलग तरह के किरदार निभाकर खुद को दर्शकों के बीच साबित किया है। अब वह फिल्म सैम बहादुर में फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ का किरदार निभाते दिखेंगे। यह फिल्म इसी साल 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में उन्होंने फिल्म की शूटिंग पूरी की और सोशल मीडिया पर इसका हिस्सा बन खुशी जाहिर की। आइए आपको बताते हैं कौन थे सैम मानेकशॉ, जिनकी प्रेरणादायी कहानी पर्दे पर आने वाली है।3 अप्रैल, 1914 को अमृतसर में जन्मे सैम का पूरा नाम होरमुजजी फ्रामजी जमशेदजी मानेकशॉ था, लेकिन उनकी बहादुरी की वजह से उनके



चाहनेवाले उन्हें सैम बहादुर बुलाते थे। उनकी प्रारंभिक शिक्षा अमृतसर और शेरवुड कॉलेज, नैनीताल में हुई थी। सैम या तो सेना में जाना चाहते थे या लंदन जाकर अपने पिता की तरह डॉक्टर बनना चाहते थे, लेकिन उनके पिता राजी नहीं हुए। इस बीच उनका सेना में चयन हो गया और उन्होंने इसी में अपना करियर बनाया।

सैम को दूसरे विश्व युद्ध के दौरान बर्मा मोर्चे पर जापानी सैनिकों के खिलाफ मशीनगन की 7 गोलियां लगी थीं, जो उनकी आंतों, दिल और गुर्दे पर लगी थीं। इसके बाद भी सैम को मौत छू नहीं सकी और उनकी हालत देखकर खुद डॉक्टर तक हैरान थे, जो उनके बचने की उम्मीद छोड़ चुके थे। उन्होंने सैम के शरीर से गोलियों को निकाला और उनकी आंत का एक क्षतिग्रस्त हिस्सा तक निकाल देना पड़ा था।

सैम सेना के पहले ऐसे आर्मी चीफ थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री को दो टूक जवाब दिया था। अप्रैल 1971 में इंदिरा गांधी ने उनसे पूछा था कि क्या वह पाकिस्तान के साथ जंग के लिए तैयार हैं? उन्होंने इंदिरा गांधी को साफ–साफ कहा कि भारतीय सेना जंग के लिए बिल्कुल तैयार नहीं है।

## कैमरे के सामने निक्की तंबोली ने दिए ऐसे–ऐसे पोज, कर्वी फिगर पर अटक गई फैंस की निगाहें

बिग बॉस 14 की एक्स कंटेस्टेंट निक्की तंबोली आए दिन अपनी बोल्डनेस का जादू फैंस के बीच बिखेरती रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं तो फैंस उन पर अक्सर अपना दिल हार जाते हैं। इन दिनों निक्की का लेटेस्ट फोटोशूट इंटरनेट पर तहलका मचा रहा है। बता दें कि एक्ट्रेस आए दिन इंस्टा पर अपने हुस्न से आग लगाती रहती हैं। सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी पोस्ट के जरिए सबका ध्यान खींचने वाली एक्ट्रेस निक्की तंबोली इन दिनों अपनी हॉटनेस से फैंस को दीवाना बना रही हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो फैंस के बीच तेजी से वायरल हो जाती हैं।

# अक्षय कुमार की ओह माय गॉड 2 सिनेमाघर छोड़ वूट और जियो सिनेमा पर होगी रिलीज

ओह माय गॉड यानी ओएमजी अक्षय कुमार की शानदार मूवीज में से एक रही है. जिसका सीक्वल बनाने की डिमांड भी जोरों पर रही है. सीक्वल का इंतजार कर रहे अक्षय कुमार के फैन्स के लिए बड़ी खुशखबरी है. इस फिल्म का सीक्वल यानी कि ओएमजी 2 जल्द रिलीज होने वाली है. लेकिन एक ट्विस्ट के साथ. इस ट्विस्ट को देखते हुए फैन्स दो अलग अलग राय में बंट गए हैं. कुछ फैन्स को लगता है कि फिल्म से जुड़ा नया फैसला गलत है. जबकि कुछ को लगता है कि इस फैसले को दूसरी फिल्मों पर भी लागू करना चाहिए.




जिस फिल्म ने अक्षय कुमार के फिल्मी करियर को नए आयाम दिए थे उसी फिल्म ओह माय गॉड के पार्ट 2 को अक्षय कुमार ने थियेटर में न रिलीज करने का फैसला किया है. ये फिल्म सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी. पोस्टर के रूप में फिल्म का फर्स्ट लुक शेयर करने के साथ ही इस बात की जानकारी भी दी गई है. फिल्म एक्सपर्ट क्रिस्टोफर कनगराज ने ट्वीट कर बताया है कि ओह माय गॉड 2 जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होगी. ये प्लेटफॉर्म वूट/जियो सिनेमा पर रिलीज हो सकती है.

इस ट्वीट के शेयर होते ही फैन्स ने इसे थियेटर में रिलीज करने की डिमांड की है. ट्विटर पर ओएमजी 2 तो ट्रेंड हो ही रहा है जिसमें कुछ फैन्स ने कमेंट किया है कि ये फिल्म थियेटर के लायक है.

# हेरा फेरी 3 में संजय दत्त निभाएंगे नेत्रहीन डॉन की भूमिका, अभिनेता ने की पुष्टि



अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी की फिल्म हेरा फेरी 3 को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं. इसकी स्टारकास्ट से संजय दत्त भी जुड़ चुके हैं. कुछ दिनों पहले संजय दत्त ने कंफर्म किया कि वह हेरा फेरी 3 का हिस्सा हैं. अब संजय दत्त ने फिल्म में अपने रोल को लेकर खुलासा किया है. उन्होंने बताया कि मूवी में उनका क्या किरदार होगा.संजय दत्त से पूछा गया कि क्या आप हेरा फेरी 3 में अंधे डॉन का रोल निभा रहे हैं? तो इसके जवाब में उन्होंने हां कहा. उन्होंने बताया कि एक बार एक्टर्स की डेट्स कंफर्म हो जाए तो फिल्म की टीम इस साल शूटिंग शुरू कर देगी.इससे पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान संजय दत्त ने फिल्म हेरा फेरी 3 में काम करने की खबर पर मुहर लगाया था. उन्होंने कहा, हां, मैं फिल्म कर रहा हूं. पूरी टीम के साथ शूटिंग करना एक्साइटिंग होगा. यह एक बेहतरीन फ्रेंचाइजी है और मैं इसका हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं. फिरोज और मेरा रिश्ता भी बहुत पुराना है. मालूम हो कि फिल्म हेरा फेरी 3 को फिरोज नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं. हेरा फेरी 3 का निर्देशन फरहाद सामजी करे हैं. देश के अलावा इस फिल्म की शूटिंग लॉस एंजिल्स, अबु धाबी और दुबई में होगी.

# ऐसी भूमिकाएं निभाना चाहती हूं जो मुझे कलाकार के तौर पर चुनौती दें:अदिति शेट्टी

भाग्यलक्ष्मी और नागिन 6 जैसे शो का हिस्सा रहीं टीवी अदाकारा और मॉडल अदिति शेट्टी फिलहाल धर्मपत्नी में नजर आ रही हैं और एक्ट्रेस का कहना है कि उन्हें टीवी पर अलग–अलग तरह के रोल एक्सप्लोर करना पसंद है। अभिनेत्री ने कहा कि उनके शो धरमपत्नी में उनका किरदार परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और वह इसे पसंद करती हैं। उन्होंने कहा– एक अभिनेता के रूप में, मेरा लक्ष्य सिर्फ विभिन्न भूमिकाएं निभाना है। मैं ऐसी भूमिकाएं निभाना चाहती हूं जो मुझे एक अभिनेता के रूप में चुनौती दें और मुझे हर दिन बढऩे और सीखने में मदद करें। धरमपत्नी में काव्या का किरदार मेरे



लिएअद्भुत यात्रा रही है, एक कलाकार के रूप में मैंने बहुत कुछ सीखा है और यह मेरे लिए एक पुरस्कृत अनुभव रहा है। मैं असल जिंदगी में काव्या जैसी नहीं हूं और जब मैं काव्या का किरदार निभा रही हूं तो मुझे पूरी तरह से अलग जिंदगी जीने का मौका मिल रहा है। मैं इस भूमिका को पाकर बहुत भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं और इसके साथ न्याय कर पाना मेरा उद्देश्य है। यह कहने के बाद, मैं मुख्य भूमिका के साथ–साथ मजबूत सकारात्मक भूमिकाओं की प्रतीक्षा कर रही हूं क्योंकि मैं एक अभिनेता के रूप में इसे लेने और इसके साथ न्याय करने के लिए तैयार और आश्वस्त महसूस करती हूं।

वह किस तरह के रियलिटी शो का हिस्सा बनना चाहती हैं, इस बारे में बात करते हुए वह कहती हैं: मैंने अपने करियर की शुरूआत मॉडलिंग से की थी और उस समय, मुझे उससे संबंधित शो करने में बहुत दिलचस्पी थी। इसलिए मैं इंडियाज नेक्स्ट टॉप मॉडल का हिस्सा थी। मुझे लगता है कि जिस शो में मुझे अपने व्यक्तित्व को दिखाने का मौका मिलेगा वह रोमांचक होगा।

**जयन्त**

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com